# प्रकाशितवाक्य, अध्याय चार भाग 1

आमीन। प्रभु की स्तुति हो। [टेप पर रिक्त स्थान—सम्पा।]... स्वयं। मैं सोचता हूं कि यही रवैया बहुत से लोगो का है। यह बहुत ही अच्छा है, वहां युवा बहन के गीत का वह अंतिम अंतरा। मैं निश्चिय ही इसकी सराहना करता हूं। और हम... नए वर्ष की रात में आ रहे हैं मुझे नहीं लगता कि आप कुछ भी और बेहतर गा सकते हैं, कुछ भी इस रात के लिए उचित।

2 ऐसा दिखाई देता है जैसे हम वर्ष की अच्छी शुरुआत को कर रहे हैं; उह–हूंह, अच्छा और बर्फीला मौसम है और बाहर फिसलन है, वर्ष के इस समय पर इंडियाना का अनूठा मौसम है। तो आप लोग जो जॉर्जिया से है मैं यहाँ देखता हूँ, और ऊपर ओहियो में से है। अब, भाई डौच, आप और बहन डौच को पता है कि यह क्या है, जैसे कि ओहियो में ऐसा ही होता है। और... लेकिन, हम ऐसे देश में जा रहे हैं जहाँ ऐसा कुछ भी नहीं होगा। उंह–हुंह। यही तो वो बात है।

3 यह नव वर्ष की रात है, पूर्व संध्या। और, निश्चय ही, हर एक जन शपथ को लिख कर लाया है और एक प्रतिज्ञा आप जो नए वर्ष के लिए करने जा रहे हैं फिर लगभग एक दिन के बाद, परसों वे सारी प्रतिज्ञा को तोड़ देंगे। और हां, तो आप जानते हैं, आप हर एक वर्ष एक नये पन्ने को पलटते है, और उसके बाद अगली सुबह वापस पीछे की ओर पलटते है, इसे फिर से करके।

4 लेकिन वहां सिर्फ एक बात है जो—जो मैं कहना चाहता हूँ, और वो बात ऐसी है जैसे प्रेरित पौलुस ने कहा, "उन सारी बातों को भूलकर जो बीत गयी, मेरी सारी गलतियों को और सारी चीजें जो मैंने की है, मैं उस निशाने की ओर बढ़ता चला जाऊं जो मसीह में ऊँची बुलाहट है।" यह तो केवल पछतावा है कि मेरे पास पिछले वर्ष की मेरी गलतियां हैं, और मेरे जीवन का बीता हुआ भाग है, और मैं केवल नम्रतापूर्वक उससे ऊँचे बुलावट के निशाने की ओर बढ़ने के लिए अनुग्रह के लिए मांगता हूं। मुझे यकीन है कि हम सभी की—की यही गवाही है, हम सभी को ऐसा ही लगता है।

5 क्षमा करें कि यह बहुत ही ख़राब रात है और—और लोगों को आने के लिए नहीं मिला। और मैंने भाई नेविल को फोन किया, मुझे यह भी नहीं जानता था कि वो यहां पहुंच सकते है या नहीं। और फिर भाई स्केग्स आ गए, और वो वहां दूर केंटकी से आ गए जहां पर बर्फ तीन फीट या उससे ज्यादा है। और ऐसे ही... या, "लगभग *इस* तरह से," उन्होंने बताया, इसलिए उसे कुछ किसान ने एक दो बार बाहर निकाला था और उसे ट्रैक्टर के साथ पहाड़ी के ऊपर लाया। और इसलिए मैंने सोचा, "ठीक है, यदि यह सिर्फ दो या तीन इंच की बर्फ है, तो हम इसकी चिंता नहीं करते, उह–हुह, जब तक यह इस प्रकार से है।" लेकिन सड़के आने–जाने लायक हैं और हर कोई आ–जा रहा है।

6 अब, निश्चित रूप से, आज रात एक ऐसी रात है, जहां हम भिन्न–भिन्न प्रकार के सेवको से सुनेंगे, अलग–अलग सेवक है जो आयेगें। और वे संभवत: है आज रात साथ ही अलग–अलग भागो में से आ रहे है, वे मध्यरात्रि तक आते रहेंगे। मैं सोचता हूँ कि वे बैठेंगे और देखेंगे कि क्या... नए वर्ष को जाते हुए... आते हुए, और उस पुराने को जाते हुए। और आमतौर पर वे वेदी के पास बुलाते हैं और प्रार्थना करते हैं और—और परमेश्वर से उनकी प्रतिज्ञा करवाते हैं और उनकी—उनकी प्रतिज्ञाओं को नए सिरे से करवाते हैं।

7 मैंने भाई नेविल से कहा... और मैंने उन्हें यह देखने के लिए फोन किया कि क्या वे आ रहे है। मैंने कहा कि यदि वह नहीं आते है, तो मैं पहुँचने के लिए अपनी पूरी कोशिश करूंगा जितनी मैं कर सकता हूँ। और फिर यदि वह सुबह यहां नहीं पहुंच सकते, तो इसलिए, मैं वह सब करता रहूंगा जो मैं कर सकता हूँ, जिस समय पर वो—वो यहां नहीं थे। और मैंने उन्हें बताया कि मैं आज रात के लिए कोशिश करूंगा, इसके बारे में सोचते हुए कि बस एक पंद्रह मिनट का संदेश, या ऐसे ही कुछ ले लूंगा। और, हम देखते हैं कि आपके पास यहाँ बहुत से अन्य सेवक बैठे हुए है, प्रतीक्षा कर रहे हैं।

8 तो मैंने कहा... सोचा था कि मैं आरंभ करता हूँ, और बस इस प्रकाशितवाक्य की किताब को ज़ारी रखुंगा, तब सीधे आगे जाकर, अब 4 अध्याय को लेंगे, शुरू करेंगे। और यदि हम इस समय इसे पूरा नहीं कर पाते हैं, तो अगली बार हम जारी रखेंगे। उसके बाद 5 वें और 6 वें को

लेंगे, और बस जैसे हम कर सकते हैं। प्रभु हमें इसमें से होकर जाने में सहायता करे।

9 मैं कहना चाहता हूँ, इससे पहले कि हम शुरू करें, कि... कुछ समय पहले हमने एक भेंट की थी जो—जो... भाई ड्रमंड थोम और उनकी पत्नी से। ये बहन के माता और पिता है जो आज रात यहाँ बैठे हुए हैं। और वे अभी अफ्रीका से लौटे है, जहां पर उनकी महान प्राण को बचाने की और दिव्य चंगाई की सभाये हुई थी। इस छोटी महिला ने इसे लिया... मैं सोचता हूँ कि उसकी दादी के स्थान पर, एक दिन, और एक जेल की सभा हुई, और पापी लोग प्रभु के पास आये, और इत्यादि। यह बस अद्भुत था कि कैसे परमेश्वर उस युवा जोड़े का उपयोग कर रहा हैं। वे अब अमेरिका में थोड़े समय के लिए कुछ सुसमाचार का प्रचार करने के लिए हैं।

10 यदि आप में से कोई पास्टर... मैं भाई ड्रमंड को लिखना चाहता हूँ,... ड्रमंड, मैंने, जी हाँ, मुझे लगता है कि मैंने सारे नामो को मिला दिया है। उसने बस एक अच्छे अंग्रेजी नाम क्यों नहीं रखा और इसके बारे में भूल गया? आइये उसे बस एक नंबर दें, क्या आप बोलेंगे, क्योंकि मैं नहीं सोचता कि मैं इसे पकड़ सकता हूँ, नहीं। मुझे नहीं लगता कि हम में से आधे लोग भी इसे पकड़ सकते हैं। "ड्रमंड," मुझे लगता है, आपको इसे उच्चारण करने का यही सही तरीका है; और बहन चार्लोट। यदि आप में से कोई भी उन्हें बुलाना चाहता है, तो मुझे यकीन है कि आप उन्हें अपनी कलीसिया में सुनना पसंद करेंगे।

11 वह महिला, यह बहन चार्लोट, वह बस एक छोटी सी बच्ची है। वह कुछ समय पहले वहाँ मेडा को गवाही को दे रही थी, वो अनुभव जो उन्हें वहां अफ्रीका में मिला था, और मैं आपको बताता हूं कि ऐसा था... बिली, ये पुराने समय को फिर से वापस ले आया; अफ्रीकी बोलने जैसा लग रहा था। और सो वहां पर लड़ाई जारी है उसी तरह से ये यहाँ पर है।

12 यदि कोई भी भाई ड्रमंड को बुलाना चाहता है... और बहन शार्लोट को, उनके कलीसिया में एक अभियान को करवाना चाहता है, यदि आप चाहते है, तो आप केवल भाई टोनी ज़ाबेल को मीलरोज 7−3945 पर फोन करें। यदि आप इसे लिखकर रखना चाहते हैं, आप में से कुछ सेवक लोग, मैं निश्चित रूप से भाई के लिए सिफारिश करता हूं... क्योंकि वह एक अच्छा प्रचारक, ईमानदार लड़का है, जिसे वास्तव में एक शुरुआत की जरूरत

है, शुरू करें। और वह निडर है, अच्छा लड़का है, और मैं उसे बहुत पसंद करता हूं। अब, आप याद रखे, मेलरोज 7–3945। और मैं इस छोटे से कार्ड को यहाँ छोड़ता हूँ, जहां कि यदि आप... यही कारण है कि उनके कार्ड है, और यदि आप नहीं उनके नंबर लिख नहीं पाते है, तो ठीक है, आप आकर इस कार्ड ले सकते हैं, या मध्यांतर के बाद किसी भी समय आज रात विभिन्न सभाओ के बीच। और उनके नंबर को ले और उन्हें फोन करे, यदि आप उन्हें अपने किसी कलीसिया में, एक सभा को करने के लिए ले जाना चाहते हैं, या कोई तो जिसे आप जानते हैं जो उन्हें बुलाना चाहते है, क्योंकि वे अमेरिका में यहाँ–वहां धर्म युद्ध कर रहे है।

13 क्या ऐसा ही कुछ नहीं है? अफ्रीका को मिशनरियों को यहाँ पर अमेरिका में भेजना होगा! ये वो जगह है जहाँ उनकी आवश्यकता है, ठीक यहाँ, वहाँ से भी बदतर है।

14 तो कितने लोग खुश और आनंदित है कि परमेश्वर ने आपको एक और वर्ष में से होते हुए बचाए रखा? और यहाँ हम, मार्ग के अंत तक आ रहे हैं। और प्रार्थना करता हूँ कि परमेश्वर हमें हमारे सारे पापो और हमारे कमियों के लिए क्षमा करेगा।

15 अब, मैं इसे शुरू करने से पहले कहना चाहता हूं। मैं आप में से हर एक सभी को, सबसे सफल और आशीष से भरे और स्वस्थ नये वर्ष की शुभकामना देता है, जो मैं आप के लिए शुभकामना कर सकता हूँ। परमेश्वर आपके साथ हो! होने पाए आप दोनों में बढे, शारीरिक रूप से और आत्मिक रूप से, और आर्थिक रूप से, और जो देह संबंधी होती है। हर एक चीज जो परमेश्वर आप के ऊपर ला सकता है, मैं प्रार्थना करता हूं कि वह इसे करेगा।

16 अब मैं अपने आप में नए वर्ष का सामना कर रहा हूँ, केवल परमेश्वर ही जानता है कि भविष्य में क्या रखा हुआ है। और हमारे निर्णय को तुरंत ही लेना होगा। हमारे पास हमारी सारी चीजे है। भाई जिम, वहाँ पर, इसे अब तैयार कर लिया है, निमंत्रण और चींजो के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर से, दुनिया भर से; यह देखने के लिए कि प्रभु हमें कहां ले जाएगा। और मैं निश्चित रूप से आप लोगों की प्रार्थनाओं की इच्छा रखता हूं, कि आप पूरे मन से प्रार्थना करे जिससे कि परमेश्वर मुझे कभी भी गुमराह ना होने दें।

मैं—मैं... मैं जो कुछ भी चाहता हूं, ईमानदार रहूं और कभी भी गुमराह ना होऊं। और अब, मेरे पास एक अच्छा वर्ष था।

17 बहुत सी बार, लोग गलत समझते हैं। और जब वे कहते हैं, "भाई ब्रंहम, आप—आप... आप उन स्थानों में नहीं जाते जैसे आप अक्सर जाया करते थे, और जैसे ये अन्य सेवक करते हैं, और सारे... " मैंने—मैंने एक बात को सीखा है, जो हमारी बाइबल और हमारे प्रभु से पाठ सीखने को मिलता है, कि यीशु एक दिखावा करने वाला मनुष्य नहीं था। उसने—उसने इसे शून्य कर दिया। उसने दिखावेबाजी नहीं की थी। देखिए, वो—वो बिल्कुल भी एक दिखावा करने वाला मनुष्य नहीं था। और मैं विश्वास नहीं करता कि उसके चेले दिखावा करने वाले मनुष्य थे। ना ही कभी उन्होंने खुद को दिखावा करने वाला मनुष्य बनाया।

18 यही कारण है कि जहाँ मैं सोचता हूँ कि हम आज बहुत से पात्र को खो देते है, (हो सकता है कि यह बस मेरे स्वयं के विचार हो।) कि, जब हम एक हर एक चीज के बारे में ढिंढोरा पीटते रहते है, आप जानते हैं क्यों, मैं सोचता हूँ कि ऐसा दिखाई देता है कि यह पवित्रता से ज्यादा दिखावा है।

19 क्या आपने प्रभु के आगमन पर ध्यान दिया, जिन्होंने वास्तव में उसे ग्रहण किया था? वो शिमोन था, किसी ने कभी उसके बारे में कुछ नहीं सुना, लेकिन वह प्रभु के लिए देख रहा था। अंधी हन्ना, मंदिर में। यूहन्ना बप्तिस्मा देने वाला, जंगल में। और वे...

20 यूहन्ना जंगल में नौ वर्ष की उम्र में चला गया, वो कभी भी फिर से नहीं दिखाई दिया जब तक वह तीस वर्ष का ना हो गया था; उस जंगल में। और ऐसे ही पुरुष जिन्होंने गुप्त रूप से विश्वास किया, और नम्र बने रहे, वे प्रभु के आगमन के लिए देख रहे थे। और उन्होंने अपनी सभाओ का कभी भी नहीं ढिंढोरा नहीं पीटा और सभाओ को बड़े-बड़े चिन्हों के आधार पर रखा होगा ("उस घडी को! उस समय को!") और—और प्रसारण करते है और इत्यादि सब कुछ। यह ठीक बात है उन लोगों के लिए जो इसे इस तरह से करना चाहते हैं, लेकिन, मेरे लिए, यह मसीह जैसा नहीं दिखाई पड़ता है।

21 मैं जानता हूँ कि एक बार उसके भाईयों ने उसे बताया, कहा, "तुम ये चिन्ह-चमत्कार और बातें करते हो, तुम यहाँ येरुशलम के लिए—के लिए

क्यों नहीं जाते हो? और हम फसह के पर्व के लिए जा रहे हैं, कैफा के महायाजक और उन सभी लोगों को बुलाओ, और उन्हें इस बात को जानने दो। उनके सामने इसे करो, जिससे कि वे तुम्हारे कामों को देख सकें। और अभी, तुम इन मछुवारो के झुण्ड के साथ क्या मुर्खता करते फिरते हो, और इत्यादि, वहां नीचे नदी पर, और वे जो नीचले वर्ग के लोग है? क्या... तुम यहाँ क्यों नहीं आते और इसे दुनिया को देखने दो? " समझे?

22 यीशु ने कहा, "हमेशा से तुम्हारा समय रहा है, मेरा समय अभी तक नहीं आया हैं।" उंह–हुंह। समझे?

23 यूहन्ना एक समय... यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के लिए, उस—उस वचन ने उसके आने की बात कही। और कहा, "जब वह आता हैं, कि... " क्योंकि, यशायाह ने कहा, उसके जन्म लेने से लगभग सात सौ और बारह वर्ष पहले, "वहां एक आवाज जंगल में पुकार उठेगी।" और कहा, "सभी पहाड छोटे भेड़ की तरह उछल पड़े, सारे पत्तो ने ताली बजायी, वे ऊंचे स्थान नीचे किये गये, और नीचले स्थान ऊंचे किये गए।"

24 इसी तरह की भविष्यवाणियां! आपको क्या लगता है कि उस दिन के सेवक... जब उन्होंने इसे लिया, तो उन्होंने अवश्य ही कहा होगा, "ओह! जब वह महान नबी आएगा, तो हर कोई उसे जान जायेगा। परमेश्वर सिर्फ आकाश की छतरी को पीछे की ओर फैला देंगा, स्वर्ग के गलियारे नीचे किये जाएंगे, अग्नि का एक रथ नीचे उतर आएगा, एक दूतो का दल उसका धरती की ओर मार्गरक्षक करेगा।"

25 जब वह आया, तो वह एक पुराना मैले चेहरे वाला प्रचारक था उसके चारों ओर भेड़ की खाल का एक टुकड़ा लिपटा हुआ था, जिस पर पट्टे के लिए एक चमड़े का एक टुकड़ा लगा हुआ था। शायद कभी भी स्नान नहीं किया; हर तीन या चार महीने में करता हो। वहाँ जंगल में से, बाहर आता है, घुटने तक कीचड़ में खडा हुआ, प्रचार करता है, "पश्चाताप करो, स्वर्ग का राज्य निकट है!" वह कभी भी किसी शहर में नहीं गया। यदि कोई भी उसे सुनना चाहता था, तो वे उसे सुनने के लिए यरदन आना हैं, वे जो चाहते हैं। उसने क्या किया? उसने राष्ट्र को हिला दिया, उसने दुनिया को हिला दिया।

26 वहां उन लोगों पर हिलावट हो रही है उसके बारे में कुछ भी पता नहीं है। जब यीशु आया, तो उसने खुद को कभी भी बड़े उच्च पद वाले लोगो के

बीच प्रतिनिधित्व नहीं किया। वह अपनो के लिए आया, वह उन लोगों के लिए आता है जो उसके लिए देख रहे थे। वहीं जहाँ हिलावट आयी। यही है जो आज वो करता है। पवित्र आत्मा उन लोगों के लिए आता है जिन्हें परमेश्वर ने बुलाया है। चुने हुओ के बीच एक बहुत बड़ी हिलावट होती है। बड़ी, सामर्थ से भरी चीज हो रही है, लेकिन दुनिया इसके बारे में कुछ नहीं जानती है।

27 वे सोचते हैं, यह सब बडी फूलो की सामग्री, और दुनिया भर में व्यापक प्रसारण, और टेलीविजन, और लाखो डॉलर की इमारतें, और हर एक चीज, यही वो चीजे है जो कि बहुत अच्छी है। परमेश्वर की दृष्टि में यह मूर्खता है। परमेश्वर बड़ी–बड़ी चीजों की ओर नहीं देखता हैं। जिसे मनुष्य "मूर्खता" कहता है, उसे परमेश्वर "महान" कहता है; और जो मनुष्य "महान," परमेश्वर उसे "मूर्खता," कहता है। "इसने प्रचार की मूर्खता के जरिये से उसे प्रसन्न किया, ताकि उन्हें बचाए जो खोये हुए थे।"

28 अब, यूहन्ना। आपको क्या लगता है वे क्या कहते होंगे? "वहाँ पर एक पूराना कट्टरपंथी है, पुराना भद्दे से चेहरे का दिखने वाला व्यक्ति, जंगल से बाहर आया हैं, जिसके चारों ओर एक भेड की खाल लपेटी हुई है। और, क्यों, वह कीचड़ में खड़ा है, नंगे पैर, वहां यर्दन के किनारे पर, और वहाँ प्रदर्शन कर रहा है। क्या किसी ने कभी ऐसी बात के बारे में सुना है? "

29 जब यीशु आया। "एक मसीहा, जो वहां एक चरनी पर जन्मा है, उस सुखी घास के ढेर पर, और—और आसपास गाय–पशु आवाज़ कर रहे थे? और—और तुम्हारा मतलब एक माँ से... नाजायज़, जैसे कि उसका पिता... यहाँ तक उनके विवाह से पहले उसे माँ बनना था, क्योंकि, उसका जन्म पवित्र विवाह के बंधन से हुआ था। वो व्यक्ति? " ओह, प्रभु! देखा? लेकिन यह बहुत अच्छा था, वे बस इसे नहीं जानते थे। देखा? वे इसे नहीं जानते थे।

30 और वैसे ही आज सुसमाचार है "बहुत बढ़िया।" और सुसमाचार ऐसे हिलावट को रहा है जैसे इससे पहले इसने कभी भी हिलावट को नहीं किया, लेकिन वे जो बचे हुए है ये उसमें हिलावट को कर रहा है। यह बात सही है, उन्हें तैयार कर रहा है।

31 "वह उसके अपनों के लिए आया, उसके अपनों ने उसे ग्रहण नहीं किया।" उसने अपने चेलो से कहा, "अन्यजातियों के मार्ग में मत जाओ,

बल्कि इस्राएल की खोई हुई भेड़ों के पास जाओ। और, जब तुम जाते हो, वो जो तुम्हे ग्रहण करता है वो मुझे ग्रहण करता है। जब तुम एक नगर में जाते हैं, तो वे तुम्हे ग्रहण नहीं करते हैं, तो अपने पैरों पर से धूल को झाड लेना और वहां से चले जाना। और मैं तुमसे सच–सच कहता हूं, सदोम और अमोरा की दशा अधिक सहने योग्य होगी न्याय के दिन में, उस नगर की दशा से।" और उन नगरो में से हर एक जिसने उन मनुष्यों को अस्वीकार कर दिया था, वे मनुष्य आज राख में पड़े हुए हैं। हर एक जन जिन्होंने उन्हें ग्रहण किया, वह अभी भी एक शिखर के नाई खड़ा हुआ है। यह सही है, देखो। उत्तर देने के लिए एक लंबा समय लेता है; लेकिन परमेश्वर उत्तर को देता है, चिंता मत करो। मुझे उस विषय को आरंभ नहीं करना है, नहीं तो मैं कभी भी प्रकाशितवाक्य में नहीं पहुँच पाऊंगा। ओह!

> ओह, मैं उसे देखना चाहता हूं, उसके चेहरे की ओर
> देखना चाहता हूं,
> हमेशा के लिये उसके बचाए जाने का अनुग्रह का गीत
> है;
> महिमा के मार्गो पर मुझे अपनी आवाज़ उठाने दो;
> जब चिंताये सारी बीत जाती हैं, और अंत में घर, हमेशा
> आनन्दित रहने के लिए।

32 मुझे यह पसंद है। आइये कुछ क्षण के लिए हमारे सिरो को झुकाये। क्या आप ऐसा करने से पहले खड़े होना चाहेंगे? मुझे—मुझे लगता है... बाइबिल ने कहा, "जब आप खड़े होकर, प्रार्थना करते हैं, तो क्षमा करें।" कितने लोगों के पास विनंती है तो आप इसे बस अपने हाथो को उठाने के द्वारा ज्ञात करवाना चाहेंगे? याद रखें, परमेश्वर इसे देखता है, वो इसके बारे में सब जानता है।

33 हमारे स्वर्गीय पिता, हम प्रभु यीशु के नाम में आपकी दैविक पवित्रता के निकट आते हैं, वो सर्व पर्याप्त नाम जो यहाँ मनुष्यों के बीच दिया गया था, यहां तक कि परिवारों को जो स्वर्ग में और धरती में है सबको "यीशु" नाम दिया गया है।

34 और हम प्रार्थना करते हैं, प्रभु, कि आप हमारे धन्यवाद देने को ग्रहण करेंगे। सबसे पहले, शुरू करने के लिए, ये ख़त्म होता वर्ष... जैसे कि हम इसे आरंभ करने जा रहे है आज रात की सभा में, इसे स्तुती देते हुए आरंभ

करते है, आपका वचन अध्ययन करते हुए और जानते हुए कि **यहोवा यों कहता है** का क्या मतलब है। हम आपको धन्यवाद देने के लिए एक कागज पर कितनी सारी चीजें लिख सकते हैं! इस वर्ष, हमारे पास छोटे–छोटे, संकीर्ण बच निकलने के मार्ग थे, यदि आप अब तक हमारे साथ नहीं होते थे, तो जहां पर शैतान ने हमारे जीवन को गला घोट कर समाप्त कर दिया होता। इसलिए हम अभी भी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। हम विश्वास करतें है, प्रभु कि, हमने केवल जन्म लिया है और इस संसार में बडे हुए है ताकि आपका आदर और महिमा करे।

35 और हम प्रार्थना करते हैं, पिता, आप हमारे हर एक अपराध को क्षमा करेंगे और हर उस गलती के लिए जो हमने साथ ही यात्रा के दौरान की है। आइये आज रात हम अपनी गलतियों को भूल जाएं जैसे कि हम उन्हें अंगीकार करते हैं, उन्हें भूल जाने वाले समुंद्र में दफना दीजिये, प्रभु यीशु के नाम में, ना ही कभी भी फिर से उन्हें खोदे; लेकिन अब इस निशाने की ओर बढ़ते चले जाये, उस सिद्ध मनुष्य, मसीह यीशु के ओर। इसे आज रात, प्रदान करे, पिता।

36 जैसा कि आपका दास बोलता हैं, उनमें से प्रत्येक जन, होने पाए आप उन्हें जीवन की आत्मा से अभिषेक करे, और होने पाए वे ऐसे प्रचार करे जैसे पहले कभी भी ना किया हो, और आज रात कलीसिया में संदेशो को लाये।

37 और हम इस छोटी छत के नीचे इकट्ठा हुए है, जिसके लिए हम आभारी हैं, प्रभु। हम आभारी हैं कि हमारे पास गर्म आग है, बैठने के लिए स्थान है, हमारे सिर के ऊपर छत के लिए, यही सब जिसकी हमें आवश्यकता है।

38 हमारे खजाने इस संसार में के नहीं हैं, यह उस संसार में है जो आने वाला है। परमेश्वर, हम वहां पर संचय करते हैं, जहां हम विश्वास करते हैं कि चोर अंदर घुसकर और चोरी नहीं सकता हैं, और कीडे इसे नष्ट नहीं करते हैं, क्योंकि हमारा खजाना अनन्त जीवन हैं। और हम प्रार्थना करते हैं, पिता, कि आप हमें हमारे जीवन के सभी दिनों को आनंदित रखेंगे।

39 हमें योग्य सेवक बनाये। हम में से सभी बुराई को निकाले, प्रभु, सारा अतीत। इसे रखना... होने पाये ईर्ष्या और कड़वाहट की सभी जड़ें हमारे जीवन से निकाल ली जाये, जिससे कि हम आपके सामने नम्र और मधुर बने रह सके। इसे प्रदान करे, प्रभु। हमारे पास अब तक का सबसे महानतम

वर्ष हो, जो यह आने वाला वर्ष है। इसे प्रदान करें। हमें आज रात के लिए आपके वचन देना, जैसे कि हम आगे आपके आने वाले संदेशो के लिए रुके हुए हैं। यीशु के नाम में हम प्रार्थना करते हैं। आमीन। बैठ सकते है।

40 अब, यह एक प्रकार से मेरे लिए मुश्किल है कि वहां उस घड़ी को देखूं, और मैं नहीं चाहता कि मेरे भाईयो को रोके रखूं, मैं जितना जल्दी हो सके जल्दी करने की कोशिश करूंगा और इस भाग को ख़त्म करूंगा। हो सकता है, यदि हम खत्म नहीं कर पाते हैं, तो कल सुबह को हो सकता है हम आगे जारी रखने की कोशिश करेंगे, प्रभु की इच्छा हुई तो। और फिर यदि भाई नेविल यहाँ नहीं आ पाते है, या जो कुछ भी हो, तो, तब मैं कोशिश करूँगा, प्रभु की इच्छा हुई तो, यहाँ पर रहूंगा ताकि रविवार के स्कूल की सभा को जारी रखूं।

41 अब, अब मत भूलना:

प्रार्थना करे, प्रार्थना करे, केवल जो जरिया है
... ऊंचे स्थानो तक पहुंचने का;
प्रार्थना करे, प्रार्थना करे, विश्वास की प्रार्थना
जो परमेश्वर की आशीषो को नीचे लेकर आयेगी।

42 यही केवल जरिया है जिसे आप हमेशा ही इसे करें। आइये इसे एक साथ गाये। अब यह नया वर्ष है। हमारे पास भरपूर समय है।

आइए प्रार्थना करे, प्रार्थना करे, केवल जो जरिया है
ऊँचे स्थानो तक पहुंचने का;
प्रार्थना करे, प्रार्थना करे, विश्वास की प्रार्थना
जो परमेश्वर की आशीषो को नीचे लेकर आयेगी।

43 इसलिए यदि विश्वास की प्रार्थना परमेश्वर की आशीष को नीचे लाती है, तो आओ हम प्रार्थना करना जारी रखें। आज की रात बहुत ही खुश है, हमारे पास परमेश्वर के राज्य में नए चेहरे है जो पिछले वर्ष में नहीं थे। और मैं बस निरंतर यह प्रार्थना करता रहता हूं कि और अधिक और अधिक हर समय जुड़ते जाए। और आधा अभी तक कभी भी नहीं बताया गया है कि ये दूसरी ओर पर क्या होगा।

44 अब, हम प्रकाशितवाक्य के चौथे अध्याय की ओर जायेंगे। क्या किसी को बाइबल की आवश्यकता है? यदि आप हमारे साथ पढ़ना चाहते हैं तो हमारे पास यहाँ कुछ बाईबल हैं। तो ठीक है, कोई एक प्रबंधक में से

अब आगे आ जाए, हमारे पास बस यहाँ बाइबिल की एक पूरी लड़ी है। खजांचीयो, प्रबंधको या कोई तो एक ठीक यहाँ पर आगे आ जाये। भाई ज़ाबेल; और भी एक आ जाये। यदि आप दोनों ओर लेकर जाना चाहते हैं, और हम सीधे गलियारे में से होकर आगे जाएंगे। और कोई भी व्यक्ति जो एक बाइबिल को लेना चाहता है, हमारे साथ–साथ पढने के लिए, इसलिए, बस उन्हें सीधे आगे ले जाए और उन्हें दे जो कोई भी उन्हें लेना चाहता है।

और हम चाहते हैं कि आप अब प्रकाशितवाक्य के 4 अध्याय को निकाले।

45 और, अब, यदि आप वहां पीछे बैठे हुए हैं और यहाँ आगे आना चाहते हैं, तो हमारे पास आज रात आपके लिए बहुत सी जगह खाली है, आगे आने के लिए। और अपने आप को आरामदायक बनायें, और बस सीधे शिक्षा के अंदर उतरें और मुझे इसे पढ़ने में सहायता करें, और जब हम एक साथ आते हैं, इसका अध्ययन करें। यहाँ ऊपर कुर्सियां है। मैं एक जोड़े को आते हुए देखता हूं। और ठीक यहाँ पर दो कुर्सियां है। यहाँ पर एक जन के लिए कुर्सी है ठीक यहाँ पर। और ठीक यहाँ पर, पीछे, वहां पर कुछ कुर्सियां हैं। मैं सोचता हूँ खिलने वाले लोग बस एक प्रकार के विश्व भर से है।

46 और अब, कितने लोगो ने हमारे शिक्षा का आनंद लिया, जिसे हमने हाल ही में लिया था, आठ दिन की शिक्षा जो *सात कलीसिया युग* पर ली थी? धन्यवाद। इससे मुझे अच्छा महसूस होता है, क्योंकि उनमें से मुझे वास्तव में अपने आप में एक महान आशीष मिली है।

47 अब, आज रात चौथे अध्याय के साथ, अब हम जा रहे हैं, यूहन्ना ने लौदिकीयन कलीसिया युग के लिए बात की थी। और, इस लौदिकीयन कलीसिया युग में, यह उन सारे बाकी के युगों में से सबसे गड़बड़ वाला कलीसिया युग था।

48 और हमें लौदिकीयन कलीसिया युग के अंतिम भाग में सबसे दयनीय बात दिखाई दी, यीशु अपने स्वयं की कलीसिया के बाहर खड़ा हुआ है जहां उसे बाहर रखा गया था, दरवाजे पर खटखटा रहा है, वापस अंदर जाने की कोशिश कर रहा है। क्या यह पाप से भरा नहीं है? मुझे लगता है कि ये लगभग सबसे दयनीय वचनो में से एक है जो मैंने कभी पढ़ा है। यीशु,

अपने स्वयं के दरवाजे के बाहर, और उसकी कलीसिया ने उसे बाहर कर दिया था, और वह केवल उन्हें बचाने के लिए वापस आने की कोशिश कर रहा था। “कोई भी मनुष्य जो खोलेगा, मुझे मेरे अपने ही घर में वापस आने देगा, मैं उसके साथ भोज करूँगा और वह मेरे साथ।” क्या यह एक... क्या यह दयनीय नहीं है? स्वर्ग के परमेश्वर, उसे अपने कलीसिया से बाहर रखा गया, उनके संस्था और संप्रदायों के द्वारा और जिस तरह से वे कर रहे थे। उन्हें बाहर रखा... उसे कलीसिया के बाहर रखा, उनके सम्प्रदायों को स्वीकार किया।

49 यह बिल्कुल वही बात है उस दिन के जैसे जब यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया। और यह वही था कि जब उन्होंने बरब्बा को स्वीकार किया, एक हत्यारा, और यीशु को क्रूस पर चढ़ाया। उनके बीच एक हत्यारे को छोड़ दिया, जिसे “एक हत्यारा,” साबित किया गया था और स्वीकार... और यीशु मसीह से मुंह मोड़ लिया था, केवल वो ही एक है जो उन्हें जीवन दे सकता था।

50 और बिल्कुल यही बात हर एक संप्रदाय और पेंटीकोस्टल सम्प्रदाय ने आज किया है। वे देखते है कि वे संप्रदाय बस तुरंत ही मर जाते है जैसे ही वे संप्रदाय हो जाते है। वहाँ पर ऐसा कभी एक भी नहीं हुआ (इतिहास के पन्नों में—में है) जो कभी भी संप्रदाय हुए है और जिसने हमेशा कुछ भी किया हो लेकिन वे तुरंत ही मर गए। सभी चिन्ह, चमत्कार, और दान–वरदानो ने उन्हें छोड़ दिया, और बाकी की इत्यादि चीजे, जैसे ही वे संप्रदाय हो गए। और बजाय इसके कि प्रभु यीशु को स्वीकार करे ताकि उन्हें जीवन को दे, वे ठीक सीधे वापस पीछे चले गए और बरअब्बा को उनके बीच फिर से आजाद कर दिया। क्या यह कुछ भयानक सा नहीं है? कोई आश्चर्य नहीं परमेश्वर को ठीक उसकी कलीसिया के बाहर रखा गया था, और खड़ा हुआ है, खटखटा रहा है, अंतिम कलीसिया युग में, वापस अंदर आने की कोशिश कर रहा हैं।

51 अब, हम पाते है कि प्रकाशितवाक्य तीन भागों में बंद है। पहला, वे पहले तीन अध्याय है, जो कलीसिया से संबंधित है, वो संदेश, वो दूत... कलीसिया के दूतों को। और वहां से... और उसके बाद ठीक वहां पर तीसरे अध्याय में लुप्त हो जाती है, 19 वें अध्याय तक वो फिर से दिखाई नहीं देती है, 19 वें अध्याय में वो वापस लौट आयी। इस समय के बीच, परमेश्वर

यहूदियों के साथ व्यवहार कर रहा था। फिर, उसके बाद से, ऐसा उस आने वाले बड़े नगर यरूशलेम के, और इस्राएल के लोगों के उस—उस मोहरबंद होने और इत्यादि के बीच होता है, अंत समय पर।

52 अब, तो आज रात हम छोड़... इसके तुरंत बाद, यूहन्ना ने देखा... पतमुस के टापू पर... कितने लोगो को याद हैं कि पतमुस कितनी दूरी पर था... समुंद्र तट से? ये कितनी दूरी पर था? लगभग तीस मील, यह सही है, समुंद्र तट से बाहर। और यह लगभग पतमुस के कितनी दूर था? आपको कुछ भौगोलिक संबंधित बातें याद है? इसके चारों ओर से लगभग पंद्रह मील। और इसे रोमी लोगो के लिए देश निकाला के लिए इस्तेमाल किया गया था, वहां कैदियों को रखा जाता था। और यूहन्ना को वहाँ पर किस बात के लिए रखा गया था? उसने क्या किया हैं? क्या उसने—क्या उसने कुछ चोरी की थी? नहीं। क्या वह... उन्होंने उसे वहां पर बाहर रखा क्योंकि वह लोगों को परेशान कर रहा था और... या कुछ तो बुरा कर रहा था? नहीं। वह वहाँ पर बाहर किस बात के लिए था? परमेश्वर के वचन और उसकी गवाही के लिए, सुसमाचार को प्रचार करने पर।

53 और क्या एक मसीही के साथ बिना अच्छाई के कुछ भी हो सकता है? नहीं, नहीं, नहीं। तो परमेश्वर उसे वहाँ अकेले टापू पर किस बात के लिए ले गया? हमें इस प्रकाशितवाक्य की किताब को देने के लिए। देखिए, परमेश्वर ऐसे ही शैतान की आँखों पर से बाल को जब वो चाहे कभी भी खींच सकता है। क्या वो नहीं कर सकता है? वो बस आसानी से कर सकता है। मैं बस उसे प्रेम करता हूं। क्योंकि, मुझे चालाक नहीं बनना है, देखो। अब, यदि मैं बुद्धिमान होता था, तो मैं इस बारे में सब भूल जाने की कोशिश करता, क्योंकि मैं जानता हूँ कि कोई भी उतना बुद्धिमान नहीं हो सकता है जैसे वो है। और इसलिए मैं—मैं बस... जो कुछ भी मुझ में है, मैं अपने आप को उसे समर्पण करता हूँ और बस वही करता हूँ जो मुझे वो करने के लिए कहता है। ऐसा ही है। कभी–कभी यह मेरे सोचने के तरीके के विपरीत होता है। लेकिन मैं जानता हूँ, यदि वह इसका नेतृत्व कर रहा है, तो वो बुद्धिमान है। वह जानता है कि वह क्या कर रहा है, पर मैं नहीं। तो मैं बस उसे ऐसा करने देता हूं, आप देखो, तब ये बस... यह सब सही होता है। देखा? इसलिए मैं उसे ये करने देता हूँ। ऐसा ही है, भाई नेविल। जी हाँ, श्रीमान, बस उसे इसे करने दे। देखा? वही वो एक है जो जानता है वो क्या कर रहा है, पर मैं नहीं जानता। देखा? तो मैं बस किसी भी बहुत से

बड़े–बड़े फूलो और चीजों के पाने की कोशिश नहीं करता। और मैं केवल अपने आप को नम्र करता हूँ, और कहता हूँ, “मैं यहाँ हूँ, पिता, किसी भी समय जब आप मुझे चाहते है।” तो बस ऐसे ही सही रीती से आगे बढ़ते रहे और यह हमेशा ही सही नतीजे को लाता है।

54 सो, यूहन्ना, हमारे पास प्रकाशितवाक्य की एक—एक किताब नहीं होती थी यदि ऐसा यूहन्ना के लिए नहीं हुआ होता था, और यदि यूहन्ना वहां उस टापू पर नहीं गया होता था। यह तो परमेश्वर का हमें किताब को देने का जरिया था। वह वहां पर गया था, मैं सोचता हूँ, लगभग तीन वर्ष, और किताब को... उसने प्रकाशितवाक्य की किताब को लिखा।

55 अब, फिर जब हम उसे निमंत्रण के अंत में छोड़ते है, 3 रे अध्याय का 22 पद, “जिसके कान हों वह सुन ले कि आत्मा कलीसियाओं से क्या कहता है।”

56 अब, चौथे अध्याय के आरंभ में:

*इन बातों के बाद जो मैं ने दृष्टि की, तो क्या देखता हूं कि स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ है; और जिस को मैं ने पहिले तुरही के से शब्द से... अपने साथ बातें करते सुना था; वही कहता है, कि यहां ऊपर आ जा और मैं वे बातें तुझे दिखाऊंगा, जिन का इन बातों के बाद पूरा होना अवश्य है।*

57 हम इसे एक पद के बाद एक पद लेने जा रहे है। और मेरे पास बहुत से वचन यहाँ पर लिखे हुए है, उनकी एक किताब है, और मैं नहीं जानता कि कैसे हम कितनी दूर तक इसमें जा पाते है। होने पाये प्रभु हमारी अगुवाही करे। अब, देखो, वचन है:

इन बातों के *बाद* (कलीसिया युग के बाद)...

58 और इसके बाद से यह सब, अब, जो इससे संबंधित होगा, जो कलीसिया के रेपचर के बाद धरती पर बात जगह लेगी। देखो, रेपचर के बाद। अब यह वापस जाता है ताकि इस्राएल को उठाये। कलीसिया युग के बाद, कलीसिया के युगों के बाद और वे... कलीसिया फिर से कभी भी नहीं दिखाई पड़ती है प्रकाशितवाक्य के 19 वे अध्याय तक, जब वो अपने दूल्हे के साथ लौटती है। विवाह के लिए परमेश्वर की स्तुति हो!

59 आइये अब इसे पढ़ते हैं। क्या आप इन वचनों को पढ़ना पसंद करेंगे, जैसा कि हम इसमें से होकर जाते हैं? अच्छी बात है। आइए प्रकाशितवाक्य

19 की ओर जाये। तो ठीक है, श्रीमान, प्रकाशितवाक्य 19। आइए 7 वे पद से आरंभ करे, प्रकाशितवाक्य 19। ये तब है जब कलीसिया फिर से दिखाई देती है, इससे पहले फिर से कभी भी नहीं दिखाई दी, 19 वे अध्याय तक।

> *आओ, हम आनन्दित और मगन हों, और उस की स्तुति करें; क्योंकि मेम्ने का ब्याह आ पहुंचा, और उस की पत्नी ने अपने आप को तैयार कर* लिया *है।*

60 ओह, मैं—मैं उस पर मध्य रात तक प्रचार कर सकता हूँ और इसका आधा भी नहीं बता सकता। देखो, "उसकी पत्नी ने अपने आप को तैयार कर लिया है।"

61 चार्ली, नेल्ली, और आप सभी, बस वही जो हम वहां नीचे बात कर रहे थे, और रॉडनी, उस दिन पर। देखा? जब एलीशा ने एलीय्याह पर उस वस्त्र को फेंक दिया... मतलब एलीय्याह ने इसे एलीशा पर डाल दिया; वह वापस पहुंचा और उसे फिर से उतार दिया, अपने ऊपर रख दिया और इसके साथ चला उस पर रखकर, जब तक उसने यर्दन को पार नहीं कर लिया, और पहाड़ पर चला गया और रथ में चढ़ गया, उसे वापस नीचे छोड़ दिया।

62 जब एक मसीह पहली बार बचता है, उसका चेहरा मसीह की ओर घूम जाता है, तब उसके पास खुद करने के लिए कुछ तो होता है। उसे करने के लिए, अगली चीज है, खुद को पवित्र करना सारी अशुद्ध आदतों से, "हर एक भार को एक तरफ रखते हुए खुद को तैयार करते हुए। दुल्हन ने अपने आप को तैयार कर लिया है!"

63 मुझे एक छोटी सी कहानी की याद दिलाता है, मुझे अभी इसे बताना चाहिए इससे पहले कि हम आगे बढ़ें। यहाँ पश्चिम की ओर, कुछ समय पहले, कई वर्ष पहले, वहां पर यह बड़ी आर्मर और स्विफ्ट पैकिंग नाम की कंपनी थी। किस तरह से वे करते थे, वे वहां पर आते और गाय-पशु को खरीदते और पशुफार्म को खरीदते। और उनके पास बहुत सा पैसा था, और सभी छोटे-छोटे पशु फार्म को खरीदते, और उनके पास इस प्रकार के लाखों एकड़ के पशु फार्म थे, वे इन बड़े अच्छे हियरफोर्ड पशु को वर्गों में चलाते थे। उनके अपने... उनकी अपनी रेलगाड़ियाँ और इत्यादि थी जो उन गाल-पशु को एक चरागाह से दूसरे में चरागाह में लाते थे।

64 और आर्मर और स्विफ्ट के पास एक बड़ा पशु–फार्म था, और एक दिन उनके पास वहां पर एक देखरेख करने वाला व्यक्ति था, जो उस पशु फार्म का प्रबंधक था, उसकी लगभग चार या पांच बेटियां थी। और उन्हें मालूम पड़ा कि बड़े आर्मर भाइयों में से एक... या, भाइयों में से नहीं, लेकिन बेटों में से एक, पशु–फार्म का दौरा करने आ रहा था। और वो एक—एक जवान, कुंवारा पुरुष था। और ये सारी लड़कियों को यकीन था कि जैसे हो वो—वो लड़का आता है वे उसे मोहित कर देंगी। और इसलिए वे सब तैयार हो रही थी और हर एक चीज को उसके आगमन के लिए तैयार कर रही थीं।

65 जब वह वहाँ पर पहुंचा, वे उससे भेंट करने के लिए जा रही थी और एक पुराने समय के सीमावर्ती प्रदेश के दिन वाले, उनके छोटे–छोटे कपड़े पहने हुए, इस पर उनकी झालरों को डाले हुए, और हर एक 44 कमर पर, और उनके सिर के पीछे उनकी टोपी, आप जानते होंगे। और वे औपचारिक पश्चिमी बनने जा रही थी, और लड़कियों में से हर एक जन के पास... उन लडकियों में से एक उस लड़के को पाने जा रही थी।

66 और उनकी वहां एक—एक छोटी चचेरी बहन थी जिसकी मां मर चुकी थी और उसके पिता मर चुके थे। वह एक चचेरी बहन थी, और वह वहां पर लगभग उन सब की गुलाम ही थी। और सारे गंदे काम को उसे करना पड़ता था, बर्तन धोना और हर एक चीज। और उसके पास कपड़े नहीं थे, उसे फटे पुराने कपडे लेने पड़ते थे और...

67 इसलिए जब वह समय आया कि लड़का वहां पहुँचने वाला था, वे सभी उनकी घोड़े की बग्गियो में चढ़ गयी, और, दूर, स्टेशन पर वे उसे लेने के लिए चली गयी। और वे बंदूकों को चला रहे थे, और घोडे हिनहिना रहे थे, और ऐसा ही इत्यादि। और वे उसे वहां पशु–फार्म में लेकर आये। और उस रात को उनके पास एक बडी नाच–गाने की पार्टी थी। और वे वहां बाहर सुखी घास और पशुओ के बाड़े के घेरे में आये, और उन्होंने—उन्होंने गाया और उन्होंने नृत्य किया, और सारी रात भर। वह वहाँ पर दो या तीन दिनों के लिए था।

68 यह छोटी चचेरी बहन... अब, मैं इसे किसी बात से अब तुलना करने जा रहा हूँ। हमारी चचेरी बहने उन सभी ने कपड़े पहन लिए है, बडे–बड़े मीनार और सुंदर कलीसियाये, और ऐसा दिखाई देता है कि यदि कोई गंदा

नाम है तो उसे पेंटेकोस्टलस को देना होगा, कुछ ऐसा जो गलत है। वे भी गलत काम को करते हैं, लेकिन वहाँ इसके बारे में कुछ भी नहीं सुना जाता है, आप देखे। वे एक प्रकार से प्रथम श्रेणी हैं, इसलिए वे... आप इसके बारे में नहीं सुनते। लेकिन किसी पेंटेकोस्टल सेवक को एक बार एक गलती को करने दो, भाई, और मैं आपको बताता हूँ, वे इसे देश भर के हर अखबार में छाप देंगे। जी हाँ, श्रीमान। किसी पेंटीकोस्टल भाई को एक बच्चे के लिए प्रार्थना करने दो, और ये मर जाता है, तो देश में हर अखबार इसे छाप देगा, "दैविक चंगाई कट्टरपंथी है।"

69 अच्छी बात है, तो फिर हर मामले को उस पेपर में क्यों नहीं डाला जाता जो डॉक्टर असफल होता है? "जो एक लिए अच्छा, वो सब के अच्छा होना चाहिए।" समझे? इसलिए, यदि वे ऐसा करेंगे, तो उनके पास सारे मृतकों के लिए अखबारों के खंडॉ में लिखने के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं होगी। यदि मैं यहां कब्रिस्तान में जाकर और कहता हूं, "हर एक जन जो कभी दैविक चंगाई के तहत मरा है वो खड़े हो जाए," और फिर कहता हूँ, "हर एक जन जो कभी चिकित्सा उपचार के तहत मरा है खड़ा हो जाए," उनकी गिनती लाख तक चली जाएगी। और यह बिल्कुल सही है। तो यदि वे एक की आलोचना करने जा रहे है, तो दूसरे की आलोचना करना चाहिये। तो यह सही है। लेकिन वे एक वर्ष में लाखों लोगों को दवाओं और आपरेशन से मार डालते है, और आप इसके बारे में कभी भी एक शब्द नहीं सुनते है। आपने देखा?

70 इसलिए, यह छोटी लड़की, उसके पास करने के लिए सारे कठिन काम थे। तो जब, यकायक एक बार, वो लड़का... एक रात जब रात का खाना खत्म हो गया और उनका नृत्य करना हो गया था, और इन लड़कियों में से हर एक ने पूरी तरह आकर्षित किया था, आप समझते होंगे। और इस गरीब छोटी लड़की ने एक छोटी सी, पुरानी, मैली चिथड़ी पोशाक पहनी हुई थी। और एक रात वो भोजनगृह के कक्ष में बैठी हुई थी रात का खाना खत्म होने के बाद, और उसने बर्तनों को धो दिया और वो पीछे के आंगन में से बर्तन के पानी को बाहर फेंकने के लिए जाने लगी। वह... जब वह पशु के बाड़े के पास मुड़ने लगी, वहाँ पर वह खड़ा था, उस बाड़े पर झुका हुआ। उसने कहा, "हैलो।"

71 वह बहुत ही शर्मा गयी थी, क्योंकि वह संचालक का लड़का था, जो

पशु फार्म के मालिक का बेटा था। उसने उस बर्तन को नीचे पकड रखा था, इसलिए उसने उसके इतने फटे–पूराने कपड़े की ओर ध्यान नहीं दिया; उसने पीछे हटना शुरू किया, उसके नंगे पैर से, वो पीछे की ओर देखती हुई, *इस* तरह।

72 और वह चलकर उसके पास गया, कहा, “मुझसे मत डरो।” कहा, “मैं तुम्हे कुछ बताना चाहता हूं।” उसने कहा, “मैं एक उद्देश्य के लिए यहां आया हूं, मैं एक पत्नी खोजने के लिए बाहर निकला हूं।” और कहा, “मैं हर जगह पर देखता आया हूँ।” कहा, “मैं वहाँ पीछे शहर में किसी भी लड़कियों के साथ विवाह करना नहीं चाहा, मैं उसे पाना चाहता हूँ जो मैंने सोचा था, एक सच्ची पत्नी।” और कहा, “मैंने जो कुछ देखा है, उसमें से, मैं यहाँ तुम पर ध्यान देते आ रहा हूँ। और मुझे उन कुछ हाथो से पता चला है कि तुम एक चचेरी बहन हो।”

कहा, “यह सही है, श्रीमान।”

73 कहा, “मैं तुमसे कुछ पूछना चाहता हूँ। क्या मुझसे शादी करोगी?” क्योंकि, वो नहीं जानती थी कि क्या करना है। वह इतनी घबराई हुई थी, वह नही——वह नही जानती थी कि उस पुरुष को कैसे जवाब देना है।

74 ओह, मैं बस कल्पना कर रहा हूं कि उसने कैसा महसूस किया होगा। क्या आप नहीं करते? जब मैं, एक बार पापी था, किसी भी चीज के लिए अच्छा नहीं, एक शराबी की संतान, यीशु मसीह ने कहा, “मैं तुम्हें मेरे लिए चाहता हूं।” वह भला कभी मेरे जैसे किसी के पास कैसे आ सकता है? कैसे भला वो कभी कह सकता हैं, “मैं तुम्हे स्वर्ग में एक घर में दूंगा”? वह भला कभी कैसे कह सकता है, “मैं तुम्हें बचाऊंगा”? मुझ जैसे इस तरह के एक गिरे हुए को, यह भला कभी कैसे हो सकता है? लेकिन उसने ऐसा किया!

75 उसने कहा, “श्रीमान, मैं——मैं——मैं——मैं योग्य नहीं हूँ। मैं एक आपके जैसे पुरुष की एक पत्नी नहीं बन सकती हूँ,” कहा, “क्योंकि आप उन बड़ी चीजो के आदि है। और मैं उनके बारे में कुछ नहीं जानती, मैं गरीब हूं।”

उसने कहा, “लेकिन तुम मेरी पसंद हो।”

76 और यह अच्छा नहीं था जब यीशु ने आपको बताया कि... ? आप जानते थे कि आप एक मसीही होने के योग्य नहीं थे। आप, ऐसा कुछ भी नहीं था जो आप कभी भी कर सकते थे, लेकिन उसने... ऐसा कुछ भी

नहीं है... उसने—उसने बस आपको चुन लिया। देखा? वह... यह उसकी भलाई है, उसकी दया है कि उसने आपको चुना। आपने उसे नहीं चुना, आप जानते है, उसने आपको चुना। यह सही है।

उसने कहा, "मैं—मैं नहीं... " उसने कहा...

77 "अपने कपडो की ओर मत देखो। मैं तुम्हारे कपड़ो की ओर नहीं देखता, मैं देखता हूँ कि तुम क्या हो।" उसने कहा, "क्या तुम मुझसे विवाह करोगी? " और अंत में सम्मति की गयी थी। और उसने कहा, "आज के इस दिन एक वर्ष बाद, मैं वापस लौटूंगा। तुम तैयार रहना। विवाह के वस्त्र को पहन लेना क्योंकि मैं वापस लौटूंगा और ठीक यहाँ इस मैदान पर तुमसे विवाह करूंगा। और मैं तुम्हे शिकागो लेकर जाऊंगा, आउटर ड्राइव के लिए, जहाँ तुम्हारे पास वहां रहने के लिए एक महल होगा। और ये सब बर्तन धोने का काम और इत्यादि तब ख़त्म हो जायेगा।"

78 जब बहने, या चचेरी बहनों ने इसके बारे में सुना, तो उन्होंने कहा, "तुम गरीब, छोटी, अज्ञानी मूर्ख! क्यों, तुम जानती हों कि उस पुरुष का मतलब ऐसा नहीं था!"

79 और क्या ठीक बिल्कुल ऐसा नहीं है जो आज वे कहते हैं? "भला कैसे एक पवित्र शोर शराबा करने वालो लोगों का झुण्ड हो सकता है, जो मुश्किल से उनके खुद के नाम को लिख सकते हैं, भला किस तरह से कभी ऐसी कलीसिया हो सकती है? भला ऐसा झुण्ड कभी कैसे होगा? " लेकिन यह सब ठीक है। जब हमारी सगाई हुई और हमने यीशु मसीह की सगाई की चुंबन को हमारे ह्रदय में महसूस किया कि हमारे पाप को दूर ले गया, कोई तो हमें बताता है कि वह फिर से वापस आ रहा है, उतना ही निश्चित जितना यह संसार है। किसी दिन वह वापस आएगा।

80 सारे वर्ष उसने काम किया, गुलामी करते हुए, यहाँ उसने कुछ पैसो की बचत की, पचहत्तर सेंट, जो—जो वे उसे यहाँ एक दिन के लिए उसकी मजदूरी देते थे। और वह उसके पैसो को विवाह का वस्त्र खरीदने के लिए बचा रही थी, ताकि हर एक चीज को तैयार रखे। ओह, यही सब उसके विचारों में था, तैयार होना। (और वह... "उसने अपने आप को तैयार कर लिया।") उसके पास उसके कपड़े थे, उसके विवाह के वस्त्र, जबकि उसकी चचेरी बहने उस पर हँसी और उसका मजाक उड़ाया।

81 अत: ये... अंत में वो दिन आता हैं। उसने खुद को अपने विवाह के वस्त्र से तैयार किया (ओह!) वो पूरी तरह तैयार हो गयी, और साफ़ हो गयी। और उसकी छोटी चचेरी बहने उसके पास आकर और उसके सामने झुकते हुए और कहने लगी, "खैर, तुम छोटी मूर्ख लड़की हो। किस कारण से, तुम जानती हो कि उसका मतलब ऐसा नहीं था। वो बात नहीं करेगा... वो तुम्हारे जैसी एक लड़की से विवाह नहीं करेगा।" लेकिन, किसी भी तरह उसने अपने आप को तैयार कर लिया।

82 तो ये देर शाम को आता है, और वे उपहास करना आरंभ करते और उसका मजाक उड़ाते। वह ठीक दरवाजे पर खड़ी रहती, कुछ भी हो वो इंतजार करती रहती। और सो वह... वह बोला, "उसने कौन सा समय बताया कि वह यहाँ पर होगा? "

83 कहा, "उसने नहीं कहा।" लेकिन कहा, "उसने कहा था... उसने मुझे उस रात को बताया कि वह विवाह करना चाहता हैं... या उसने मुझे सगाई की अंगूठी दी। उसने कहा, उसने मुझे बताया, 'यह अब से लगभग एक वर्ष होगा।' इसलिए मेरे पास एक घंटा है।" आमीन, बस इंतजार करती रही। "मेरे पास एक घंटा रह गया है, तीस मिनट रह गए है, दस मिनट रह गये है।" और वे हँसने लगे और उसका मज़ाक उड़ाया, और उसे सब कुछ कहा।

84 लेकिन, आखिरकार, ठीक उस निर्णायक घडी में, उन्होंने रेत के अंदर पहियों को घूमते हुए सुना, घोडो को आते हुए सुना। क्या ही यह को देखने की चीज थी कि उस छोटी सी दुल्हन ने अपने आप को तैयार कर लिया है, दरवाजे से बाहर कूद पड़ी, और चारों ओर गुलाब से ढकी हुयी लड़ियों में से होते हुये, उस पुरुष की बाहों में जल्दी से जाने के लिए जिससे उसने प्रेम किया, और उसका पति होने वाला था, ताकि उसे इस प्रकार से उठा ले, और उससे विवाह करे और दूर ले जाए।

85 इन दिनों में किसी दिन, भाई, वे लोग जो मजाक उड़ा रहे है और कह रहे हैं "पवित्र शोर शराबा करने वाले," और—और "पेंटीकोस्टल," और इस तरह की चीजें जो... हम इंतजार कर रहे है, हमारे पास अभी भी कुछ समय है। वे कहते हैं, "आह, वहाँ कोई अंतर नहीं है जो हमेशा से वहां पर था।" चिंता मत करों, हमारे पास थोड़ा समय बचा है। और उस घडी पर जो उसने वादा किया था, वो यहाँ पर होगा। और इन दिनों में से किसी दिन

हम एक उड़ान को लेंगे और दूर चले जायेंगे। बस तैयार हो जाये! विवाह के वस्त्र को पहने रखें! सारे क्रूरता को अपने ह्रदय से बाहर रखें। हर एक चीज जो...

86 सुनिए कि यह वचन यहाँ किस तरह से कहता है:

*आओ, हम आनन्दित और मगन हों, और उस की स्तुति करें: क्योंकि मेम्ने का ब्याह आ पहुंचा: और उस की पत्नी ने अपने आप को तैयार कर* लिया *है।* (इसे समझा? )

*और उस को शुद्ध और चमकदार महीन मलमल पहिनने का अधिकार दिया गया: क्योंकि उस महीन मलमल का अर्थ पवित्र लोगों के धर्म के काम हैं।* (परमेश्वर की स्तुती होवे!)

*और उस ने मुझ से* कहा, *यह लिख, कि धन्य वे हैं, जो मेम्ने के ब्याह के भोज में बुलाए गए हैं। फिर उस ने मुझ से* कहा, *ये वचन परमेश्वर के सत्य वचन हैं।*

87 इसलिए इन दिनों में से किसी एक दिन हवा में एक मिलाप होने जा रहा है, थोड़ी देर में, उस मनोहरता, मनोहरता में। अहां। बस तैयार रहे! अपने आप को तैयार रखें! सारी बुरी सोच से अपने ह्रदय को शुद्ध करें। परमेश्वर पर विश्वास रखे, कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितना अंधेरा दिखाई पड़ता है और कितने लोग हंसते है और मजाक उड़ाते है और कहते हैं, "तुमसे कोई गलती हुई है।" ठीक पवित्रता में जीते रहे और परमेश्वर के लिए जीते रहे। बस आगे बढ़ते रहे, वो घडी आ पहुंचेंगी!

88 इसलिए, आप देखते हैं, वह अब प्रकाशितवाक्य 19 में फिर से प्रकट होता है:

इन बातों के *बाद*... (उसके कलीसिया युग को देखने के बाद।)

इन बातों के *बाद जो मैं ने दृष्टि की, तो क्या देखता हूं कि एक द्वार...*

89 अब, याद रखें, यूहन्ना अब भी पतमुस पर है। और उसके बाद उसने देखा था सारे कलीसिया युग होकर गुजरे:

*... तो क्या देखता हूं कि स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ है;...*

90 "एक द्वार।" द्वार क्या है? प्रकाशितवाक्य 3:8। प्रकाशितवाक्य में, 3रा अध्याय और 8वां पद, "मैं तेरे कामों को जानता हूं। देख, मैं ने तेरे

साम्हने एक द्वार खोल रखा है, जिसे कोई मनुष्य बन्द नहीं कर सकता, कोई बंद नहीं कर सकता और ना कोई मनुष्य खोल सकता है।" वह द्वार है! वो द्वार! मसीह द्वार है। उसने कहा, संत यूहन्ना 10, में, "मैं वो भेड़शाला का द्वार हूँ।"

91 और पुराने देशो में, आप देखते हैं कि एक चरवाहा अपनी भेड़ों को चराता था। उसके बाद वो उन्हें गिनता है और देखता है कि वे सब अंदर हैं, उसके बाद वो ठीक द्वार पर नीचे लेट जाता है। भेड़िये उसे लांघे बिना अंदर नहीं आ सकते हैं, या उसकी भेड़ उस पर से लांघे बिना बाहर नहीं जा सकती। ओह, किस तरह से वो भेड सुरक्षित महसूस करती होंगी क्योंकि चरवाहा नीचे द्वार पर लेटा हुआ है।

92 नूह, पुराने नियम में, जहाज के द्वार पर खड़ा था। ओह, सुनना; कुछ कहने जा रहा हूँ! उसने द्वार पर खड़े होकर और लोगों को पश्चाताप और धार्मिकता का प्रचार किया जो उस पर हँसे थे। और उसी द्वार में जहाँ वह खड़ा था, कोई भी मनुष्य उस एक द्वार को पार किये बिना जहाज में प्रवेश नहीं कर सकता था। जहाज में कोई और द्वार नहीं था सिवाय एक द्वार के।

93 एक वहां केवल एक ही मार्ग है! तो ठीक है, भाई... ? ... वहाँ केवल एक ही मार्ग है जो मसीह की एक देह में जाता है। वहां पर जीवित परमेश्वर की कलीसिया के लिए केवल एक ही द्वार है और यीशु वो द्वार है! "मैं वो द्वार हूँ! मैं वो मार्ग हूँ, जो रास्ता उस द्वार की ओर ले जाता है। मैं भेड़शाला का द्वार हूँ।"

94 उसने इस कलीसिया के युग के लिए कहा, "मैंने तेरे सामने एक खुला हुआ द्वार रखा है।" उसने यह मेथोडिस्ट कलीसिया युग के लिए कहा, उन्होंने इससे अपना मुंह मोड़ लिया था, संगठन के अंदर चले गए। "लेकिन मैंने तुम्हारे सामने एक खुला द्वार रखा है।" अब, उनके पवित्रीकरण को प्राप्त करने के बाद, उसने कहा, "मैं खुले द्वार को रखुंगा," जो कि पवित्र आत्मा है। "एक आत्मा के द्वारा हम सभी ने" (कैसे? ) "एक देह में बपतिस्मा लिया है जो कि मसीह है।" उसने उस संदेश को मेथोडिस्ट कलीसिया के सामने रखा है और उन्होंने इससे मुंह मोड़ लिया है। वे पवित्रीकरण तक आये और पवित्र आत्मा से इनकार कर दिया। क्या यह याद है? वो "खुला द्वार।"

95 आप मसीह में कैसे आते हैं? एक आत्मा के द्वारा, पवित्र आत्मा, जो कि मसीह की आत्मा है। हमने प्रवेश किया है, ना ही हाथ मिलाने के द्वारा, ना हीं जल छिड़काव के द्वारा, लेकिन एक पवित्र आत्मा के बपतिस्मा के द्वारा हम सब ने एक देह के अंदर बपतिस्मा लिया और उस देह का भागीदार बनाया। एक पवित्र आत्मा का बपतिस्मा उस द्वार के अंदर।

96 यह द्वार स्वर्ग में स्थापित है, वो द्वार, जब उसने ऊपर देखा तो उसने प्रभु यीशु को देखा। बस इसके निम्नलिखित भाग को देखें। वो द्वार, प्रभु यीशु।

> *... मैं ने दृष्टि की, तो क्या देखता हूं कि स्वर्ग में एक द्वार खुला हुआ है; और जिस को... मैं ने पहिले तुरही के से... शब्द से अपने साथ बातें करते सुना था...*

97 अब दृश्य बदलता है। यूहन्ना पतमुस की ओर देख रहा है, और अब वह ऊपर देखता है। क्यों? वह यहां धरती पर कुछ तो घटित होता हुआ देखता है (ये कलीसियायी युग) सारे सात कलीसिया युगों को, और फिर जब उसके कलीसिया के युगों में से होते हुए देख लेने के बाद, उसके बाद, कलीसिया के युगों के समाप्त होने के बाद, उसने एक आवाज सुनी। और उसने स्वर्ग की ओर देखा और उसने देखा एक खुला हुआ द्वार, और पहली आवाज जैसे एक तुरही सी सुनाई दी। तो ठीक है, दृश्य पतमुस से स्वर्ग में बदल गया।

98 वो आवाज़ वही आवाज थी जो सात सुनहरे धुपदानो में चलती थी; वही आवाज, वो आवाज नहीं बदली। लेकिन, वो आवाज, जब उसने पहली बार सुना था तो ये कहां थी? कितने लोगो को याद है, पहले कलीसिया युग में? उसके पीछे थी। “मैं प्रभु के दिन पर आत्मा में आ गया,” प्रकाशितवाक्य 1—1:10। तो वो... “आत्मा में था।” यदि आप इसे लिख कर रखना रखना चाहते हैं प्रकाशितवाक्य 1:10 और 13 में है, “मैं प्रभु के दिन पर आत्मा में था, और मैंने अपने पीछे तुरही सी एक आवाज को सुना और बहुत से जल सा सुनाई पड़ा। और जब मैं देखने के लिए मुडा, मैंने एक सात सुनहरे धुपदानो के बीच एक को खड़ा हुआ देखा।”

99 अब, जब उसके उसे उन सात सुनहरे धुपदानो के सारे रहस्य को दिखाने के बाद (सात तारों को पकड़े हुए, और एक सफेद विग या नकली बाल पहने हुए, और इत्यादि, और पीतल के जैसे पैर, और आँखें आग की

तरह, वे प्रतिरूप), तब उसने सुना उसी आवाज को सुना (देखो।) स्वर्ग से बोल रही थी। और उसने ऊपर देखा और उसने एक खुला द्वार देखा। ओह! स्वर्ग में एक खुला द्वार! भला आप उसमें कैसे जाते है? मसीह यीशु के द्वारा, वो एक द्वार है, एक मार्ग, कोई दूसरा मार्ग नहीं।

100 "कोई भी मनुष्य जो किसी और मार्ग से ऊपर चढ़ता है, वही एक चोर और एक डाकू है।" और उस दृष्टान्त में, एक जो ऊपर से चढ़ कर आया और बिना एक वस्त्र पहने विवाह के भोज पर था, जिसे दोषी पाया गया, और बांधा गया और उसे अंधरी कोठरी में डाला गया। केवल एक ही मार्ग है, विवाह के भोज में जाने के लिए। मैं सोचता हूँ कि ज्यादा समय नहीं हुआ मैंने यहाँ इस पर प्रचार किया है। जब भी दूल्हा... जब एक मनुष्य... उस पुराने देश में विवाह करता था, उसे खुद ही निमंत्रण देना पड़ता था, उसे खुद ही वस्त्रो को पंहुचाना होता था। तो जब वो इस मनुष्य से मिला, वो जो वहाँ उस भोज के टेबल में बैठा हुआ था... कितने लोगो को दृष्टान्त याद है? निश्चय ही, आप बाइबल पढ़ते होंगे। और उसने एक मनुष्य को बिना विवाह के वस्त्र पहने हुए भोज के टेबल पर पाया।

101 यह क्या है? दूल्हा द्वार पर खड़ा है और सभी एक निमंत्रण के साथ आते हैं। "कोई मनुष्य बिना मेरे द्वारा पिता के पास नहीं आ सकता है। वे सब जिसे पिता ने मुझे दिया है, या आमंत्रित किया है, मेरे पास आएंगे।" यहाँ पर वे आते हैं, उनके निमंत्रण को देते है, दूल्हा, इसलिए जिससे कि हर एक जन एक जैसा दिखाई दे। यही एक बात जो उस पुराने समय की अच्छाई के बारे में बताती है, पवित्र आत्मा का धर्म, यह उन सभी को एक समान बनाता है। चाहे वे धनी हो या निर्धन, बंधे हुए हो या आजाद हो, काले या सफेद, पुरुष या महिला हों, वे सभी मसीह यीशु में एक हैं। और दूल्हा द्वार पर खड़ा था और निमंत्रण को लेता है, वो उस वस्त्र को इस व्यक्ति के चारो ओर डालता है, तो धनी हो या निर्धन वे सभी एक समान दिखते है। इसी तरह से यह परमेश्वर के राज्य में होता है, वहां कोई बडे लोग और छोटे लोग नहीं होते हैं; वे सभी एक ही व्यक्ति है, मसीह में सभी एक है।

102 अब, आप क्या सोचते है जब दूल्हा वापस आयेगा और वहां एक मनुष्य को बैठा हुआ पाता है जो वहां बिना एक विवाह का वस्त्र पहने हुए है? कहा, "मित्र, तुम यहाँ कैसे पहुँचे? " और वह चुप खड़ा रहता है,

इससे पता चलता है कि वह द्वार के बजाये किसी और मार्ग से आया है। वो एक खिड़की में से आया हैं, वह एक पीछे के द्वार से आया है। और उसने उसे एक मित्र कहा, यह दिखाता है कि वो एक कलीसिया का सदस्य था, "मित्र, तुम यहाँ बिना वस्त्र पहने हुए कैसे आ पहुंचे? " अब, यीशु ने खुद यह कहा। और उसने द्वारपाल को बुलाया, उसने कहा, "उसके पैर और हाथ को बांधो।" और उसे बाहर अंधेरी कोठी में ले जाकर डाल दिया गया था जहाँ पर रोना, पीटना और दांतों को पीसना होगा। यह मसीह के अपने शब्द हैं, (सही है।) "उसे बाहर निकाल दिया गया था।" क्योंकि, इसने साबित किया, बिना विवाह के वस्त्र के, वह द्वार के बजाये किसी अन्य मार्ग से आया। यदि वह द्वार में से होकर आया होता, तो उसे एक विवाह का वस्त्र मिलता।

103 ओह, इसे सुनना! फिर यदि विवाह का वस्त्र पवित्र आत्मा का बपतिस्मा है, तो भला हम किसी और तरीके से कैसे प्रतिनिधित्व करेंगे? यदि पहली कलीसिया युग को द्वार के द्वारा आना था, जो मसीह यीशु है, यीशु मसीह के नाम में बपत्तिमा को लेना, पवित्र आत्मा के बप्तिस्मा को प्राप्त करने के लिए, ताकि विवाह के वस्त्र को पहन ले, तो भला हम कैसे दुसरे मार्ग से आएंगे? यदि आप मेथोडिस्ट के द्वारा, बैपटिस्ट के द्वारा, या पेंटीकोस्टलस के द्वारा आते है, या कोई अन्य संप्रदाय के द्वारा, तो आपको बांध दिया जायेगा और बाहर अंधकारी कोठरी में डाल दिया जायेगा। आपको यीशु मसीह के द्वारा आना होगा, जो मार्ग, द्वार, सत्य, जीवन है। आमीन!

104 तो ठीक है, वही आवाज, प्रकाशितवाक्य 21, मेरा मतलब, प्रकाशितवाक्य 1:10 और 13। और मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दे, वो आवाज जो उसने सुनी उससे बोल रही थी जो एक तुरही का सा साफ़ शब्द था। आप जानते हैं कि एक तुरही कैसी आवाज़ को करती है, यह एक तेज और महीन आवाज को देती है। बाइबल में तुरही का क्या मतलब होता है? युद्ध। किसी भी समय आप एक तुरही को बजते देखते है, एक युद्ध... बाइबिल के समय में, इसके आवाज़ करने का मतलब एक युद्ध का होना, या तो एक प्रकाशन या कुछ तो बात जगह ले रही है।

105 अब, वो... कलीसिया युग समाप्त होने के बाद, और हर एक चीज तैयार हो गयी थी, यहाँ 4 अध्याय को आरंभ करने की तैयारी की, कलीसिया के युग पूरे हुये थे। उसने धरती को छोड़ दिया था, आप देखो। याद रखें,

वो आवाज जिसने उससे बात की थी, उसके पीछे थी, उस सात सुनहरे धुपदानो में, काम समाप्त हुआ था। और अब वही आवाज ऊपर स्वर्ग में बोल रही थी। यह क्या था? उसने अपने लोगो को छुड़ा लिया था। उसका धरती पर का काम समाप्त हो गया था, और वह महिमा में था, यूहन्ना को बुला रहा था, “ऊपर आ!” उह–हुँह। आमीन! यही है जो मुझे जयजयकार करने को लगाता है इस नए वर्ष की संध्या पर। ओह, परमेश्वर! वहां आप हो। देखो, तैयार रहो, “यहाँ ऊपर आ!”

106 युद्ध! यह बडी लड़ाई को आरंभ कर रहा है; वे लोग जिन्होंने परमेश्वर के संदेश को अस्वीकार कर दिया, पवित्र आत्मा को अस्वीकार कर दिया, सात कलीसियाओ के संदेशवाहक को। वो जिसने अनुग्रह के इस संदेश को अस्वीकार कर दिया था, उसके पास कुछ भी नहीं बचा था, लेकिन न्याय तैयार था; ओह, जबकि वह अब धरती पर विपत्तियों को उंडेलने के लिए तैयारी कर रहा था। “यहाँ ऊपर आ और मैं तुम्हें दिखाता हूँ कि क्या बात जगह लेने जा रही है। मसीह के ठुकराने वाले, अधर्मी पापी, मैं उन पर मेरे क्रोध को उंडेलने जा रहा हूँ।”

107 तैयारी को देखे। ओह, जैसा कि हम इस पर से उन रातों में से होकर गये है, आपको इसके बारे में और अधिक मिलेगा और हर समय इसके बारे में और अधिक मिलता रहेगा। हमें यहां पर हर एक बात को नहीं ले सकते है, हमें जगह–जगह से इसके संबंधित बातों को बताते रहना होगा। यह किस प्रकार से उन लोगों के लिए एक भयानक बात होगी जब आखिरी तुरही बजती है, और जब आखिरी लड़ाई लड़ी जाती है, जब आखिरी उपदेश प्रचार किया जाता है, जब आखिरी गीत गाया जाता है, और हम मसीह के न्याय के आसन पर खड़े होते है। आपसे पूछा जायेगा, “आपने इसे क्यों ग्रहण नहीं किया? तुमने उस जीवन के साथ क्या किया जो मैंने तुम्हे दिया गया? ” तुमसे इसका एक कारण देने को पूछा जायेगा। तब क्या?

108 आपने मुझे वह गीत गाते हुए सुना है, या इसकी कोशिश करे:

तब क्या? तब क्या?
जब वो बड़ी किताब खोली जाती है, तब क्या?
जब वे लोग जो संदेश को अस्वीकार करते है
उनसे एक कारण देने को पूछा जायेगा, तब क्या?

109 वहां खड़े होने जा रहे है, यह इतना ही निश्चित है जितना यह किताब लिखी हुई है। आप... आप वहां खड़े होने जा रहे है और आपसे एक कारण को पूछा जायेगा। ओह, यह काम हम पर है, मेरे भाईयों, बहनो, यह हमारी जिम्मेदारी है, परमेश्वर के पुत्र और कन्या के नाई, ताकि हम दिन के हर घडी में अपने आप को जांचे। पौलुस ने कहा, "मैं रोज मरता हूँ। फिर भी मैं जीवित हूं, मैं नहीं, लेकिन मसीह मुझमें जीवित है।" देखा? अपने आप को जाँच ले, क्योंकि आप नहीं जानते है कौन सी घडी में उस ऊंचाई पर जवाब देने के लिए आपको बुलाया जायेगा।

110 अब, "तुरही की आवाज को सुना।" तो ठीक है। ध्यान दें, देखे यूहन्ना ने क्या कहा, उसने यहाँ कहा, इस 1 अध्याय के अंतिम भाग में:

> *... पहले... तुरही के* से *शब्द... से अपने साथ* बातें *करते सुना था: वही कहता है, कि यहां ऊपर आ जा,...*

यहाँ ऊपर आ! मैंने तुम्हे धरती पर कलीसिया के युगों को दिखाया; अब *यहाँ* ऊपर आ, मैं तुम्हे दिखाने जा रहा हूँ कि कुछ तो बात यहाँ पर जगह लेने जा रही है।

111 देखो, तब मसीह ने धरती को छोड़ दिया था, वह महिमा में ऊपर चला गया था, कलीसिया युग गुजर गए थे, इसने दिखाया कि उसकी आत्मा ने यहाँ काम को समाप्त कर लिया था। और वह महिमा में चला गया था और यूहन्ना को बुला रहा था कि ऊपर आ, और उसने उसे दिखाया कि क्या बात बाकी जगह लेने जा रही थी। "ऊपर आ।"

112 अब, हम यूहन्ना, 2 रा अध्याय... 2 रे पद को देखते हैं। ध्यान दे, जल्दी से, यूहन्ना ने इसे जोड़ा:

> *और तुरंत ही...* (आमीन!)

113 ओह, क्या मैं अजीब सा व्यव्हार करता हूँ, मैं बस अच्छा महसूस करता हूँ। यूहन्ना ने कहा:

> *... तुरंत ही मैं आत्मा में था:...*

114 जब आप परमेश्वर की आवाज़ को आपसे बात करते हुए सुनते हैं कुछ तो होता है। आमीन! ओह, क्या आपके साथ भी ऐसा हुआ था? ऐसा मेरे साथ इकतीस वर्ष पहले हुआ था, और तब से लेकर मैं कभी भी वैसा ही नहीं रहा हूँ। ओह, जब उसने कहा, "ऊपर मेरे पास आ, तुम

सारे परिश्रम और बोझ से दबे लोगो, मैं तुम्हे विश्राम दूंगा।" इसने मुझे बदल दिया।

115 यूहन्ना ने कहा:

> ... *और तुरन्त मैं आत्मा में आ गया:...* (कौन सा आत्मा? पवित्र आत्मा। ओह!)... *मैं आत्मा में आ गया:और क्या देखता हूं, कि एक सिंहासन स्वर्ग में धरा है, और उस सिंहासन पर कोई बैठा है।*

116 देखो, यूहन्ना अब धरती को छोड़ चुका था। मसीह ने धरती को छोड़ दिया था (पवित्र आत्मा के रूप में) और फिर से शरीर में वापस आ गया था। आज वो शरीर वहां एक स्मारक के रूप में रखा हुआ है, एक बलिदान के रूप में। हम ठीक आगे यहाँ अध्याय में से होते हुए उस विषय को ले लेंगे। लेकिन मसीह का आत्मा कलीसिया में रहने के लिए, हमारे अंदर रहने के लिए वापस आता है।

117 अब, वो यहाँ उसके काम के युग के अंत को दिखाने के तुरंत ही बाद, वह ऊपर स्वर्ग में चला गया, उसने कहा, "मैं तुम्हें दिखाता हूँ इसके बाद क्या होने जा रहा है, कलीसिया युगों के बाद।" उसने कहा, "यूहन्ना, अब मैं तुमसे यहाँ नीचे और अधिक बात नहीं कर सकता हूँ, क्योंकि मैंने यहां छोड़ दिया है, मैं ऊपर आ गया हूं। यहाँ ऊपर मेरे साथ आ!" आमीन! "इसके बाद मैं तुम्हे दिखाऊंगा कि क्या बात जगह लेने जा रही है।" ओह, प्रभु! हम्म! ओह! दर्शन में ऊपर उठा लिया गया, महिमा में ऊपर उठा लिया गया।

118 उसका अनुभव अवश्य ही उस पौलुस के जैसा ही कुछ तो रहा होगा। दूसरा कुरिन्थियों 12:2 और 4, यदि आप इसे लिख रहे हैं। दूसरा कुरिन्थियों... 2 से 4। पौलुस भी एक दिन ऊपर उठा लिया गया था, एक... एक दर्शन में। क्या आप यह जानते थे? और उसने उन बातों को देखा जिसे उसके लिए यहाँ तक उसके बारे में बात करना भी उचित नहीं था; चौदह वर्ष, इसका कभी भी उल्लेख नहीं किया। देखा? लेकिन उनके बीच में अंतर को सुनना।

119 पौलुस ने जो देखा, उसे इसके बारे में बोलने या इसे आम लोगो के सामने रखने से मना किया गया था। ओह, प्रभु! मैं नहीं सोचता कि वह ऐसा कर सकता है। (क्योंकि एक छोटी सी यात्रा के लिए, मैं एक दिन गया, मैं

इस चीज पर कभी नहीं गया और कभी नहीं जाऊंगा।) देखिए, उसने— उसने उन चीजों को देखा, जिनके बारे में वह बात नहीं कर सका था। मुझे लगता है कि उसके पास शब्द नहीं थे... हालांकि वह तीसरे आकाश में उठा लिया गया। देखो, ऊपर तीसरे आकाश में।

120 कितना अलग है जब यूहन्ना ऊपर उठा लिया गया और यीशु को देखा, वो... कहा, "इसे एक किताब में लिख जो तुमने देखा है और इसे भेज दो, इसे कलीसियाओ के लिए भेजो।" पौलुस को बोलने के लिए मना किया गया था, और यूहन्ना को यहाँ तक इसे एक किताब में लिखने के लिए भी कहा गया था, ताकि यह सारे युगो में से होते हुए आगे चला जाए। ओह, प्रभु! यह अब प्रगट हुआ है, इन अंतिम दिनो में प्रगट होना है। ये उसके दिनों में प्रगट नहीं हुआ था, अब जैसे हम साथ चलते हैं यह अब प्रगट हुआ है।

121 ओह, और ध्यान दे, यूहन्ना, कलीसिया के युग के तुरंत बाद ऊपर उठा लिया गया था, जो रेपचर में उठाई गयी कलीसिया का नमूना था। कलीसिया युग के समाप्त होने के तुरंत बाद, जो यह लौदिकियन कलीसिया युग है, उसके बाद रेपचर आता है। कलीसिया ऊपर चली जाती है जैसे यूहन्ना चला गया, परमेश्वर की उपस्थिति में।ओह, परमेश्वर! व्युह! यह बस मेरे प्राण के चारों ओर हवा को देता है। ऊपर उठाया गया, कलीसिया के रेपचर पर! और इसने कहा... इस स्थान पर, प्रकाशितवाक्य की किताब, लिखी गयी थी, देखो, कलीसिया युग के अंत में।

122 अब, मेरे पास यहाँ कुछ तो है जिसे मैं स्पष्ट करना चाहता हूं क्योंकि कुछ तो ऐसा जो बहुत से मसीही लोगो के बीच लंबे समय से एक पुरानी सोच बनी रही है।। और मैंने आज सोचा, जब मैं अध्यन कर रहा था, वचनों को लिख रहा था, और नामो को और विभिन्न रंगों और इत्यादि को ढूंढ रहा था। हम थोड़ी देर के बाद, मेघधनुष और उन चिन्हों, और इत्यादि के अंदर जायेंगे। मैं इन वचनों को यहाँ लिख रहा था इसलिए कि मैं पीछे उनकी ओर देख सकूँ और उनका उल्लेख कर सकूँ, यदि मैं... इसके साथ जाता हूँ। क्योंकि, आमतौर पर, यदि मैं कुछ इस तरह से बोलने जा रहा होता हूँ, तो... यह अलग होता है, मैं इसे ह्रदय से समझने की कोशिश करूंगा। लेकिन इस तरह से, जब आपके पास बस कुछ ही समय होता है, मैं इसका

उल्लेख करना चाहूँगा क्योंकि यह पूरी तरह से आगे और पीछे वचनों में से होकर जाता है।

123 अब, मत्ती 16:13 में, हम इसे पाते हैं, यदि आप जो वचनों को लिख रहे हैं। मत्ती... यदि आप वापस जाना चाहते है... यदि आप इसे खोलना चाहते है, तो ठीक है, मत्ती 16:13। ये... ओह, हम अब पीछे की ओर जायेंगे और इसे पढ़ेंगे, और फिर हमारे पास निश्चित रूप से ये होगा। मत्ती 16 वा अध्याय, और 13 वा पद। अब ध्यान से सुने जैसे अब हम 16:13 पढ़ते हैं, "जब पतरस आया... " या:

> *जब यीशु कैसरिया फिलिप्पी के देश में आया, अपने चेलों से पूछने लगा, कि लोग... मनुष्य के पुत्र को क्या कहते हैं?*
>
> *उन्होंने कहा, कितने तो... तुझे यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला कहते हैं: और कितने एलिय्याह, और कितने यिर्मयाह या भविष्यद्वक्ताओं में से कोई एक कहते हैं।*
>
> *उस ने उन से कहा; परन्तु तुम मुझे क्या कहते हो?*
>
> *शमौन पतरस ने उत्तर दिया, कि तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।*
>
> *और यीशु ने उस को उत्तर दिया, कि हे शमौन योना के पुत्र, तू धन्य है: क्योंकि मांस और लोहू ने नहीं, परन्तु मेरे पिता ने जो स्वर्ग में है, यह बात तुझ पर प्रगट की है।*
>
> *और मैं... भी तुझ से कहता हूं, कि तू पतरस है; और मैं इस पत्थर पर अपनी कलीसिया बनाऊंगा; और अधोलोक के फाटक उस पर प्रबल न होंगे।*
>
> *और अब... और मैं तुझे स्वर्ग के राज्य की कुंजियां दूंगा: और जो कुछ तू पृथ्वी पर बान्धेगा, वह स्वर्ग में बांधा जायेगा;... और जो कुछ तू पृथ्वी पर खोलेगा, वह स्वर्ग में खोला जायेगा।*
>
> *तब उस ने चेलों को चिताया, कि वे किसी से न कहे, कि यीशु ही वो मसीह था।*

124 अब ध्यान से सुनें। तो ठीक है। "क्योंकि समय के आरंभ में... उस समय से लेकर वो... " मैं एक और वचन को लेना चाहता हूँ, तो आप इसे

आगे पढ़ सकते हैं, यहाँ 28 वे पद को ले, क्योंकि जब आप घर जाये तो इसका बाकी का पढ़ सकते है।

> *मैं तुम से सच—सच कहता हूं, कि जो यहां खड़े हैं, उन में से कितने ऐसे हैं, मृत्यु का स्वाद कभी न चखेंगे,* जब तक *मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए न देख लेंगे।*

125 ओह, इस पर सोचे! "कुछ यहाँ खड़े है, *कुछ* यहाँ खड़े है, मृत्यु का स्वाद कभी न चखेंगे, जब तक मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए न देख लेंगे।" क्या ही बयान है! इसे निंदक किस तरह से ऊपर लाना पसंद करता है और तब यह दिखाता है कि वो कितना मुर्ख है, देखो। किस तरह से वो उस पर पकड़ को बनाये रखना पसंद करता है, और यह पूरा हो जाता है और वे इसके बारे में कुछ जानते भी नहीं। देखा? तो ठीक है।

126 पतरस के चट्टान के अंगीकार करने के बाद, जो कि हम जानते हैं कि उसका अंगीकार करना... वह इसी चट्टान पर उसकी कलीसिया को बांधेगा। ना ही पतरस, जो एक छोटा सा पत्थर बनकर, जैसा कि रोमन कैथोलिक इसे कहने की कोशिश करते हैं। लेकिन पतरस के प्रकाशन का अंगीकार करना, यही कलीसिया है। परमेश्वर इसे प्रगट करेगा; ना ही इस मनुष्य का अंगीकार करना, क्योंकि बाद में वो पीछे हट गया। ना ही उसका परमेश्वर के पुत्र के होने का अंगीकार करना; क्योंकि वे जानते थे कि वह परमेश्वर का पुत्र था, पतरस ने बस इसे कहा। लेकिन यह क्या था, वो प्रकाशन जो स्वर्ग से प्रगट किया गया था कि वो परमेश्वर का पुत्र था। कहा, "मांस और लहू ने इसे तुम्हे कभी नहीं सिखाया, लेकिन मेरा पिता जो स्वर्ग में हैं, उसने इसे तुम्हे प्रकट किया है। और इस चट्टान पर, जो कि चट्टान का अंगीकार करना है, मैं अपनी कलीसिया बांधूंगा, और अधोलोक के फाटक प्रभावित नहीं होंगे... इसके विरुद्ध प्रबल ना होंगे।"

127 आशा करता हूँ कि अब हम भी समय से बाहर नहीं जायेंगे यहाँ जल्दी करते है, जिससे कि हम सीधे इस पर जा सकें। और हम यह देखना चाहते हैं कि यह कैसे मनुष्य जाति के अंदर बहता है। यह ठीक यहाँ पर एक सुंदर कहानी है यदि हम बस इसे ले सके। तो ठीक है। जी हाँ, चट्टान का अंगीकार करना, जो पतरस ने... वो पतरस के अंगीकार करने पर उसकी कलीसिया को बांधेगा। उसने कहा, "कुछ जो यहां खड़े है वे मृत्यु के स्वाद को नहीं

चखेंगे जब तक वे उस—उस परमेश्वर के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए ना देख ले।”

128 अब, याद रखें, उसने बोला “कुछ।” यह एक से अधिक होता है, क्या ऐसा नहीं है? *कुछ* बहुत होता है, “एक से अधिक।” लेकिन अब देखो, उसके सारे चेले वहाँ पर खडे हुए थे, और वह उनमें से हर एक से पूछ रहा था, “*इसके* बारे में तुम क्या सोचते हो? और *उसके* बारे में तुम क्या सोचते हो? ” लेकिन उसने कहा, “तुममें से कुछ यहाँ खड़े हुए है, कुछ यहाँ खड़े हुए है, वे मृत्यु के स्वाद को नहीं चखेंगे जब तक वे उस परमेश्वर के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए ना देख ले।” ओह, प्रभु! क्या ही बयान है! सोचो, दो हजार वर्ष पहले जो कहा गया था।

129 क्या यह... क्या... क्या परमेश्वर का वचन अचूक है? हर एक वचन जो वो कहता है वो पूरा हो जाएगा?

130 अब, यदि हम चाहे तो, उसके बाद के अगले 17 वें अध्याय की ओर जायेंगे। जब वो ले गया... उसके कुछ दिनों बाद, उसने एक गवाह का भागीदार होने के लिए पतरस, याकूब, और यूहन्ना को पहाड़ पर ले गया। पतरस, याकूब और यूहन्ना; और उन्होंने देखा कि परमेश्वर का राज्य सामर्थ में आया है, उन्होंने परमेश्वर के राज्य के आने का पूर्वाभ्यास देखा। आमीन! ओह, उन्हें परमेश्वर के राज्य को देखने के लिए दृश्य पर लाया गया था, उसका पूर्वाभ्यास होना जब ये आता है, सह–शताब्दी का आरंभ होना है। उन्होंने पूर्वाभ्यास देखा।

131 कुछ समय पहले... सेवको का एक झुण्ड, ओरल रॉबर्ट्स उनमें से एक था। सेसिल बी डेमिले, जब उसने इस *दस आज्ञाओं* को लिखा, तो उसने भाई शकरियन को वहां पर बुलाया, भाई रोबर्ट्स, सारे देश भर के बहुत से प्रचारकों को, कोई भी प्रचारक आ सकता था, और उन्हें स्टूडियो में आने के लिए आमंत्रित किया इससे पहले की वो चलचित्र को कभी प्रदर्शित किया जाये, और वे इसके पूर्वाभ्यास को देखें इससे पहले की इसे कभी दिखाया जाये, जब वे टिकट का पच्चीस डॉलर शुल्क लेते थे। लेकिन उसने... उन्होंने इसका पूर्वाभ्यास देखा, जिससे कि वे इस बारे में अपनी राय दे सके कि क्या इसके बारे में कोई आलोचना थी या नहीं, या तो क्या कहा जा सकता है, और इत्यादि। इससे पहले कि इसे सार्वजनिक रूप से दिखाया जाये, उन्होंने देखा।

132 और यीशु ने कहा, “तुम से कुछ यहाँ पर खड़े है” (आमीन!) “वे मृत्यु का स्वाद नहीं चखेंगे जब तक वे परमेश्वर के राज्य को सामर्थ में आते ना देख ले,” या, “मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए ना देख ले,” मेरा मतलब। “मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए ना देख ले!” इसके कुछ दिनों के बाद, उसने पतरस, याकूब, और यूहन्ना को लिया, और वे ऊँचे पहाड़ पर चले गए, और वहाँ उनके सामने यीशु का रुपान्तरण हुआ था। सूरज, चमक रहा है, ना ही उसके वस्त्र के जैसा जो उसने पहना हुआ था। कितनी बार हमने इसे दृष्टान्तों में बताया है, हमने इसे बाइबिल में से होते हुए बताया है!

133 आप वचन का एक विषय ले सकते हैं और इसके साथ पूरी बाइबल को एक साथ जोड़ सकते हैं। जी हाँ, श्रीमान। ना ही कहीं से भी बाहर बहता है! इसे पूरी तरह परमेश्वर की सामर्थ के साथ लेप लगाया हुआ है। शैतान कही से भी दबा कर निकाल नहीं सकता यदि वो चाहे तो। यह सही है। शैतान उन संत लोगो तक नहीं पहुँच सकता है, जिन्होंने अपनी गवाही को वहाँ रखा और परमेश्वर के राज्य में विश्वास किया, और हर एक वचन को लिया और पवित्र आत्मा की सामर्थ के साथ इसे लेप लगाया गया है, इसे लहू में धोया गया है; संसार इसके अंदर नहीं पहुँच सकता हैं, शैतान इसके अंदर नहीं पहुँच सकता हैं। वे मरे हुए है, उनका जीवन परमेश्वर के मोहर के जरिये से, पवित्र आत्मा के द्वारा, मसीह में छिपा हुआ है। भला शैतान उन्हें कैसे परेशान कर सकता हैं? हम्म! वहाँ पर वे हैं, अब इस स्थिति में।

134 यहाँ पर इस स्थान में, तब, उसने आगमन को देखा, या पूर्वाभ्यास को। और पहले क्या था... उसने क्या चीज देखी थी? पहली चीज जो उसने देखी मूसा आ रहा था, जिसने मरे हुए संतों को प्रतिनिधित्व किया जो पुनरुत्थित हो जायेंगे। एलिय्याह वहाँ पर खड़ा हुआ था।

135 ओह, मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें कि क्या बात जगह लेगी। पहले वहां मूसा था; ये सारे छह युग हैं जो कि वे सोए हुए थे, छह कलीसिया युग। केवल इतना ही नहीं, लेकिन एलिय्याह वहाँ पर था; अंतिम दिन का संदेशवाहक, उसके झुण्ड के साथ, जिसका रुपान्तर हुआ है, रेपचर हुआ है। आमीन! अब भविष्य में; आगमन के लिए रुके हुए है।

136 और वे सभी क्या करते हैं... ? सभी उसके साथ एकत्र हुए थे। ओह, प्रभु! ये क्या था? पतरस, याकूब और यूहन्ना से की गयी उसकी प्रतिज्ञा पूरी हुई थी। ये सही बात है। क्योंकि उसने कहा, "कुछ यहाँ पर खड़े है जो मृत्यु के स्वाद को नहीं चखेंगे जब तक वे मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए ना देख ले," और इसके पूर्वाभ्यास को देखा। तब इसके बाद, पुनरुत्थान के बाद...

137 मैं आपके लिए एक और चीज लाना चाहता हूँ; यीशु के मृत्यु और गाड़े जाने के बाद, संत यूहन्ना 21:20 में। कुछ आलोचकों ने आरंभ के दिनों में इसकी शुरुआत की। ठीक जब हम उस विषय में हैं, आइये इसे साफ करते हैं। संत यूहन्ना 20:21, यीशु अपने चेलों के साथ मिला था, उन्हें मछली और आग पर सेकी रोटी खिलायी। और जब वे तट पर गए तो यूहन्ना उसकी छाती पर झुका; और पतरस ने सवाल पूछा, कहा, "इस मनुष्य का क्या होगा?" यीशु ने यूहन्ना से प्रेम किया, यूहन्ना प्रेम का मनुष्य था। और उसने कहा, "इस मनुष्य का क्या होगा? उसकी संपत्ति का क्या होने जा रहा है? उसके भविष्य का क्या होगा?"

138 और यीशु ने उनसे कहा, "यदि वो मेरे आने तक, मेरे लौटने तक, ठहरा रहे, तो तुझे क्या? यह क्या है?"

139 और चेलो ने एक गलती की, उन्होंने कहा कि "यीशु ने कहा कि—कि—कि 'आगमन तक वो ठहरा रहेगा।'"

140 लेकिन यीशु ने कोई गलती नहीं की। यहाँ प्रकाशितवाक्य के 4 थे अध्याय में, मसीह ने अपना वचन रखा! वो यूहन्ना को स्वर्ग में ले आया और उसे पूरी बात का पूर्वाभ्यास दिखाया। महिमा! उसने—उसने पूर्वदर्शन को देखा। उसने इसे वैसे ही देखा जैसे यद्यपि वो धरती पर रहा हो और सारे कलीसिया के युगों को बीतते हुए देखा, प्रभु के आगमन को, प्रकाशितवाक्य की पूरी किताब को देखा। ओह, प्रभु!

141 देखा कि उसकी प्रतिज्ञा कितनी अचूक है? अब, आप चुने गए हैं... ऐसा करने के लिए याकूब; यूहन्ना, उनमें से बाकी का कोई भी; यहाँ तक पौलुस भी इसे नहीं देखेगा, इसे नहीं बताएगा, कुछ भी नहीं।

उसने कहा, "यदि यह मेरे आने तक ठहरा रहे, तो तुझे इस से क्या?"

142 और ऐसा होने पर, उन्होंने ऐसा कहा, उसने बस यूहन्ना को चुना और उसे ऊपर ले लिया और यहाँ तक उसके मरने से पहले पूरी बात को

दिखाया, बिल्कुल ठीक वैसे ही जैसे वो पूरी बात में से होते हुए जीया हो। उसे दिखाया कि यह क्या होगा! (भाई पैट, क्या यह अद्भुत नहीं है?) ओह, देखो, उसे सीधे ऊपर उठाया। ठीक यहाँ, 4 अध्याय और 2 रा पद, इसे साबित करता है। "उसने उसे उन बातों को दिखाया जो थी, जो है, और आगे आने वाली है।" "उसने उसे कलीसिया युग को दिखाया, यहूदियों के आगमन को, विपत्तियों के उंडेले जाने को, रेपचर को, फिर से आगमन, और सह–शताब्दी, और उसके बचाए गए अनन्त घर को दिखाया; बिल्कुल वैसे यधपि वह पूरी चीज में से होते हुए ठीक आगे तक जीया हो, और उसने यह सब घटित होते हुए देखा। समझे? देखा? वो बस उसे ऊपर ले गया और उसे दिखाया उस—उस फिल्म को जिसे वह बदल रहा है, उसे सम्पूर्ण बात के पूर्वाभ्यास को देखने देता है। ओह, प्रभु!

143 वह ऊपर उठाया गया। प्रकाशितवाक्य 4:2 में—में अपनी प्रतिज्ञा को पूरा किया। उसकी मृत्यु से पहले वह आत्मा में उठा लिया गया था और चीजों को वैसे ही देखा था जैसे यद्यपि वो जीया हो। उसने—उसने यह सब देखा, पूर्वाभ्यास। इस प्रकार उसने एक दर्शन में देखा, वास्तव में क्या बात जगह लेगी और किस बात ने धरती पर जगह ली उस समय से लेकर प्रभु यीशु के आगमन तक। इसे एक दर्शन में उसे दिखाता है।

144 इसलिए फिर चेलो ने... या किसी ने भी यह नहीं कहा कि उसने कहा है कि वो उस युग में आएगा। उसने कहा, "तो तुझे क्या यदि, (अन्यथा), यदि वो मेरे आने तक ठहरा रहे?" उसके बाद उसने उसे ऊपर उठाया और बस उसके लिए बात का पूर्वाभ्यास कराया और उसे दिखाया कि क्या होने जा रहा था। ओह, मैं बस इसे पसंद करता हूँ। हम्म। ओह, प्रभु!

145 अब ध्यान दे, आइए देखें कि यह क्या था:

*और तुरन्त मैं आत्मा में आ गया: और क्या देखता हूं, कि एक सिंहासन स्वर्ग में धरा है, और उस सिंहासन* पर *कोई बैठा है।*

146 वहाँ एक "आवाज़" थी जिसने उसे बुलाया। ओह, वो आवाज! ओह, मैं इसे छोड़ कर आगे नहीं जा सकता, उसके पीछे उस एक की आवाज। तब वहां पर उसने यहाँ–वहां देखा, और उसने उसे सारे कलीसिया युग दिखाए, क्योंकि वह कलीसिया युग में खड़ा हुआ था, सात सुनहरे धूपदान। फिर उसने कलीसिया युग के समाप्त होने के बाद आवाज़ को सुना; उस आवाज ने धरती को छोड़ दिया, ऊपर चली गयी। जब वह महिमा के अंदर

चला गया, तो उसने उसे यह कहते हुए सुना, “यहाँ ऊपर आ! मैं तुम्हे दिखाने जा रहा हूं कि इसके बाद क्या होने वाला है।” ओह, प्रभु!

147 वो आवाज़! आइए एक मिनट के लिये उस आवाज पर बात करे; मैंने यहाँ कुछ वचन लिख कर रखे हैं। आइए पहला थिस्सलुनीकियों 4 पर जाये, और यहाँ पर बस इसे सुनें कि यह आवाज़ क्या कहने जा रही है। ओह, हम सब जानते हैं कि यह क्या कहने जा रही है, बिना... इससे पहले कि हम इसे पढ़ें, क्या हम नहीं जानते? हम जानते हैं कि क्या होने जा रहा है। “परमेश्वर की तुरही बजेगी और जो मसीह में मरे है वे जी उठेंगे।” क्या यह सही है? आप जो इसे लिख रहे हैं, पहला थिस्सलुनीकियों 4:16 और 17 में, “वो आवाज़,” वो आवाज़ मसीह की आवाज़ थी। क्या यह सही है? मसीह की आवाज़!

> *क्योंकि... परमेश्वर की तुरही फूंकी जाएगी, और जो मसीह में मरे हैं, वे पहिले जी उठेंगे;*
>
> *... हम जो जीवित और बचे रहेंगे, उन के साथ बादलों पर उठा लिए जाएंगे... कि हवा में प्रभु से मिलें: और इस रीति से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे।*

148 वही आवाज जिसने यूहन्ना को बुलाया, “ऊपर आ,” वही आवाज जिसने यूहन्ना से कहा, “ऊपर आ,” यही वो आवाज है जो कलीसिया को किसी दिन बुलाती है (आमीन!), कलीसिया को बुलाती है।

149 इसके अलावा, वही आवाज जो यूहन्ना को ऊपर बुलाती है, ये वही आवाज़ है जिसने मरे हुए लाजरस को कब्र से बाहर बुलाया, वही प्रधान दूत की आवाज़। मसीह प्रधान दूत की आवाज़ है, “प्रधान दूत की आवाज़,” देखें। ओह, वो मसीह की तुरही की आवाज ने यूहन्ना को ऊपर आने के लिए कहा, उसी आवाज ने लाजरस को बुलाया। क्या आपने लाज़रस की कब्र पर ध्यान दिया, उसने ज़ोर की आवाज़ में कहा। (ना ही बस ऐसे ही कहा, “लाजरस, बाहर आ।”) “*लाजरस, बाहर आ*!” इसने उसे मरे हुए से बाहर बुलाया।

150 और उसने उत्तर दिया, “मैं यहाँ हूँ।” और वह मरे हुये से आया और ऐसा उसके मरने के बाद हुआ था और उसका शरीर सड गया था।

151 इसी आवाज ने यूहन्ना से कहा, “यहाँ ऊपर आ, मैं तुम्हे कुछ बातें दिखाऊंगा जो घटित होने जा रही है।”

152 ये वही आवाज है जो आवाज़ को देगी जो मसीह में मरे है उन्हें जिलायेगी, "क्योंकि तुरही... " वो तुरही! तुरही क्या है? मसीह की आवाज़, वही एक जिसने आवाज़ को दिया और उसे ऊपर बुलाया। उसने आवाज़ को तुरही की आवाज़ की नाई सुना और कहा, "ऊपर आ!" देखा कि पुनरुत्थान किस तरह से होगा? यह क्षण भर में, आंख के पलक झपकते ही होगा। वो स्पष्ट आती हुई आवाज, और वो कलीसिया, को बुलाती है, पुकारती है, "इसमें से बाहर आ।" वो तेज पुकार को करती हुई आवाज़। परमेश्वर, उस दिन पर मुझे इसे सुनने के लिए सहायता करे।

153 जैसा कि मैंने अक्सर कहा है... मैं अविनाशी के नाई जानता हूँ, रॉडनी, मैं जानता हूँ कि मेरे सामने एक बड़ा अंधकार का द्वार है, इसे मृत्यु कहा जाता है। हर बार जब मेरा ह्रदय धड़कता है, तो मैं एक धड़कन, उस द्वार के और नजदीक आता हूं। इनमें से किसी दिन मुझे इसमें जाना होगा। लेकिन मैं ऐसे अंदर नहीं जाना चाहता हूँ, एक कायर की तरह, चिल्लाने वाले, चीखने वाले की तरह। मैं इस में जाना चाहता हूँ, अपने आप को उसकी धार्मिकता के वस्त्र में लपेटते हुए, यह जानते हुए: कि मैं उसे उसके पुनरुत्थान की सामर्थ में जानता हूँ; कि किसी दिन जब वह बुलाएगा, मैं मरे हुओ में से बाहर आ जाऊंगा; जब वो मुझे ऊंचाई पर प्रकट होने के लिए बुलाता है, जब परमेश्वर की तुरही फूंकी जाएगी और मसीह में मरे हुए जी उठेंगे, यदि मैं जीवित हूँ, मैं एक पलक झपकते ही क्षण भर में बदल जाऊंगा, और उन बाकी के साथ, हवा में प्रभु से मिलने के लिए चला जाऊंगा। वह तुरही की आवाज, तेज साफ आवाज़ को करती है। हम्म। ओह, यह वही आवाज़ होगी, वही उसके आगमन पर।

154 वहां इसके विषय में कोई अस्पष्ट आवाज़ नहीं है। वहां यूहन्ना के लिए कुछ भी अस्पष्ट आवाज़ नहीं थी जब उसने उस आवाज़ को सुना कहते हुए, "ऊपर आ!" और वो आ गया। आमीन।

155 जब लाज़रस, कब्र में, मरा पड़ा था; और उसका प्राण, चार दिनों की कहीं तो यात्रा पर था, मैं नहीं जानता कि ये कहाँ पर था, मुझे नहीं लगता कि हम में से कोई भी जानता है। जहां कहीं भी था, इससे जरा भी फर्क नहीं पड़ता। वो बस एक मनुष्य को पुकारता है जिसकी खाल के कीड़े उसके शरीर को खा रहे थे; बदबूदार, कब्र में। उस स्पष्ट आवाज़ करती हुई तुरही ने कहा, "लाजरस, बाहर आ!" वहाँ एक मनुष्य, मरा हुआ और

सड़ा हुआ, खुद को हिलाता है और चलते हुए कब्र से बाहर आता है। वहां पर उसके बारे में कुछ भी अस्पष्ट नहीं है, क्या वहाँ है भाईयों? हम कोई अस्पष्टता को नहीं देखते!

156 यह आज रात वही बात है, जब एक साफ़ आवाज़ आने लगती है, “पापी, पश्चाताप कर, मैं तुझे अनंत जीवन दूँगा।” तुम में से हर एक जन पश्चाताप करे, और अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह का नाम में बपतिस्मा ले, और तुम पवित्र आत्मा के दान को पाओगे। यही वो पुकार है। इसके बारे में कुछ भी अस्पष्टता नहीं है।

157 मैं एक गवाह हूं कि यह सत्य है। वहाँ पर उनमें से आज दुनिया भर में अन्य गवाह हैं, यही एक गवाही है कि यह सच्चाई है। जब बाइबल आती है, तो परमेश्वर का वचन, परमेश्वर का प्रत्येक वचन एक तुरही है। वचन की प्रत्येक आवाज़ एक तुरही है, सुसमाचार की तुरही। और जब ये आवाज़ करती है, तो यह सच्चाई होती है। जब इसने कहा, “यीशु मसीह, कल, आज और युगानुयुग एक सा है,” इसके विषय में कुछ भी अस्पष्टता नहीं है। वो एक सा है! जी हाँ, श्रीमान।

158 “पश्चाताप करो, यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लो, तो तुम पवित्र आत्मा के दान को पाओगे।” उसके विषय में कुछ भी अस्पष्टता नहीं है।

159 “वो जो मेरे वचनों को सुनता है और उस पर विश्वास करता है, जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनन्त जीवन है। वो जो मुझ पर विश्वास करता है, भले ही वह मर भी जाये, तो भी वह जी उठेगा। वो जो जीवित है और मुझ पर विश्वास करता है कभी भी नहीं मरेगा। इसे विश्वास करते हो?” इसके विषय में कुछ भी अस्पष्ट नहीं है, “वह जीवित रहेगा!”

160 “वो जो मेरा मांस खाता है और मेरा लहू पीता है उसके पास अनन्त जीवन है, और मैं उसे अंतिम दिन में फिर से जिलाऊंगा।” इसके विषय में कुछ भी अस्पष्ट नहीं है; कुछ भी नही; यह एक स्पष्ट आवाज़ है।

161 ओह, मैं इसे जानता हूँ मैंने इसे मेरे दीन आयरिश ह्रदय में एक दिन सुना, मैं, एक छोटा सा पुराना पापी। भला ये मेरे लिए कभी कैसे कर सकता है? लेकिन मैं इसे विश्वास करता हूँ कि यह एक स्पष्ट आवाज़ थी, मैंने इसे स्वीकार कर लिया। मैं एक गवाह हूँ कि यह सच्चाई है।

162 किसी दिन वो फिर से बुलाएगा, हम दुनिया में से बाहर आ जाएंगे। क्योंकि वहाँ *उस* तुरही के विषय में कुछ अस्पष्ट नहीं है। जी हाँ, श्रीमान। जी हाँ, श्रीमान, किसी भी समय कोई अस्पष्ट आवाज़ नहीं है।

163 वो आज आवाज़ को देता है जब वह हमें बुलाता है, यह बिल्कुल वही है जब वह हमें कुछ भी बताता है।

164 अब, आइये वापस उस वचन की ओर जाये:

> *और* एक... *देखो सिंहासन स्वर्ग में धरा था,...* (2 रा पद)... *और उस पर कोई बैठा है।*

165 ध्यान दे, "वो सिंहासन," वह सिंहासन पर बैठा था। वह अब और धरती पर वापस धुपदान में नहीं था। रेपचर हो गया था। वो महिमा में था, अपने सिंहासन पर बैठा था। मैं आपको नीचे ध्यान दिलाना चाहता हूं, हम यहाँ तक 5 वें अध्याय में भी पायेंगे, यह दया का सिंहासन नहीं था। अब यह और दया का सिंहासन नहीं था, यह न्याय का सिंहासन था। यह एक अनुग्रह का सिंहासन नहीं था, यह एक न्याय का सिंहासन था, क्योंकि आग और बिजली और गर्जनाये इसमें से बाहर आ रही थी; अब और नहीं, दया समाप्त हुई थी, कलीसिया युग समाप्त हुए है। "वो जो मलिन है मलिन बना रहे; वो जो धर्मी है वो धर्मी बना रहे; वो जो पवित्र है पवित्र बना रहे," अब और अधिक एक दया का सिंहासन नहीं है।

166 आज रात, वो लहू उस सिंहासन पर रहता है और यह हर उस पापी के लिए एक दया का आसन है जो दया को चाहता है। लेकिन उस दिन पर, यह उस वक्त दया का आसन नहीं होगा यह एक न्याय का आसन होगा वहां परमेश्वर क्रोध के साथ बैठा हुआ है। "जहाँ... यदि धर्मी जन कठिनता से बचाए जाते हैं, तो पापी और अधर्मी कहाँ पर दिखाई देंगे?" यहां तक कि जब वह उसके महिमा के बादल में आता है, वे पहाड़ छिपने के लिए स्थान ढूंढने की कोशिश करेंगे। उस वक्त *हम* कहाँ पर रहेंगे?

> ओह, बहुमूल्य है वो धारा
> जो मुझे हिम के जैसा सफेद बनाती है;
> मैं कोई और सोता नहीं जानता,
> कोई नहीं सिवाये यीशु के लहू के।

167 ओह, प्रभु, क्या ही विषय है! कोई अस्पष्ट आवाज़ नहीं! और उसका सिंहासन:

... *और* वह अपने सिंहासन पर *बैठ गया*। (अब वो यहाँ पर नहीं रहा।)

168 अब, यह एक और बात है, यह एक प्रमाण है कि कलीसिया बड़े महासंकट के पहले ऊपर उठा ली जाती है। देखा? क्यों? यहाँ वो महिमा में सिंहासन पर है, और कलीसिया जा चूकी है, और उसके बाद महासंकट आता है।

169 मैंने हमेशा ही कहा है कि नूह के दिनों में, बारिश की एक बूंद गिरने से पहले नूह जहाज में था। लूत सदोम के बाहर था इससे पहले कि आग गिरे। और कलीसिया परमाणु गिरने से पहले महिमा में होगी। यह सही है, इससे पहले कि परमाणु गिरता है।

170 कहते है, "उस पहले के बारे में क्या? " यह मसीही नहीं है, बल्कि मूर्तिपूजक थे।

171 अब, ध्यान दे। ओह! उसने धरती पर अपना काम पूरा कर लिया और उसने अपनी कलीसिया को उठा लिया है, और अब वह न्याय को भेजता है। संसार ने उसे अस्वीकार किया है, और वह उसके न्याय को भेजता है। वो और उसकी कलीसिया महिमा में जा चूके है।

172 यूहन्ना, कलीसिया के लिए एक प्रकट करने वाला, वहां पतमुस के टापू पर है, जो कलीसिया का नमूना है जिसे महिमा में ऊपर उठाया गया है, "ऊपर आ!" दिखाता है...

आप कहते हैं, "उसने कलीसिया का प्रतिनिधित्व किया? "

173 प्रत्येक व्यक्ति जो इस शब्द को सुनता है, यूहन्ना ने उसका प्रतिनिधित्व किया। आमीन! यूहन्ना यीशु मसीह के लहू का प्रतिनिधि कर रहा था, वचन की गवाही। वो एक पवित्र आत्मा के बपतिस्मा का गवाह था, मसीह के साथ एक व्यक्तिगत संगती के साथ, और उसने पूरे कलीसिया का प्रतिनिधित्व किया; जो, प्रत्येक पुरुष या महिला है, लड़का या लड़की जो कभी भी मसीह में विश्वास करते है, उसी आधार पर उसे स्वीकार करते हैं, वो उन्हें किसी दिन बुलाएगा, "यहाँ ऊपर आ!" महासंकट से पहले ऊपर उठा लिया जायेगा। याद रखें, महासंकट का समय अभी तक आरंभ नहीं हुआ है।

174 यह समय आ रहा है, जो न्याय को आरंभ करता है। अब यूहन्ना को दिखाया जा रहा है कि कलीसिया के युग के बाद क्या होने जा रहा है। समझे? तो, यह ऐसा था।

175 अब, फिर से 3 रे पद, या 2 रे पद पर ध्यान दे, "एक सिंहासन स्वर्ग में धरा है, और एक सिंहासन पर एक बैठा है।" अब, वही आत्मा है जो धरती पर थी, छोड़ कर और महिमा में चली गयी थी, और बैठा हुआ था (वही यीशु है जो आज रात हमारे साथ है) दया में, वो महिमा में चला गया था और सिंहासन पर बैठा हुआ था।

> *और जो उस* सिंहासन *पर बैठा है, वह यशब और... मानिक सा दिखाई पड़ता है, और उस सिंहासन के* चारों *ओर मरकत सा, एक मेघधनुष दिखाई देता है।*

176 मैं बंद करने जा रहा हूँ, क्योंकि वहाँ दूसरे भाइयों को प्रचार करना हैं।

हो सकता है कि मैं इसे सुबह को ठीक यहाँ से ले लूंगा। और सो, "मरकत के नाई उसकी ओर देखने के लिए।" ओह, प्रभु! ओह!

> वहाँ पर लगभग हर जगह लोग है,
> जिनके ह्रदय सभी आग की ज्वाला पर है (क्या आप
> इसे पसंद नहीं करते? )
> ... वो आग जो पेंटीकोस्ट पर उतरी,
> जिसने उन्हें शुद्ध और साफ किया;
> ओह, यह अब मेरे हृदय में जल रही है,
> उसके नाम की महिमा हो!
> मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं, मैं उनमें से
> एक हूं।

177 यूहन्ना, जिसे प्रभु यीशु के द्वारा बुलाया गया और पुकारा गया, परमेश्वर के द्वारा वहां पहले प्रतिज्ञा की गयी कि वो मनुष्य के पुत्र को आते हुए देखेगा। पतरस, याकूब, और यूहन्ना, और वे उपस्थित खड़े है, जब यीशु ने उनसे बात की और कहा, "यहाँ पर कुछ खड़े हुए है जो मृत्यु का स्वाद नहीं चखेंगे, जब तक वे मनुष्य के पुत्र को आते हुए ना देख ले।" उसने ऐसा नहीं कहा कि "सभी," जो वहां खड़े हुए थे लेकिन कहा, "कुछ।" और वे कुछ दिनों के बाद चले गए, और पुनरूत्थान के क्रम के पूर्वाभ्यास देखा, और प्रभु का आगमन।

178 एलिय्याह ने मरे हुए संतों का प्रतिनिधित्व किया... मेरा मतलब है कि मूसा ने, और पुनरुत्थीत होना। एलिय्याह ने रुपान्तरित झुण्ड का प्रतिनिधित्व किया। याद रखें, मूसा पहले था, और उसके बाद एलिय्याह। एलिय्याह को अंतिम दिन संदेशवाहक दूत होना था कि उसके साथ वो और उसका झुण्ड पुनरुत्थान में आयेगा... आएगा... तो ठीक है, मेरा मतलब है यह रेपचर में आएगा। मूसा पुनरुत्थान में लाया गया और एलिय्याह रेपचर झुण्ड में लाया गया। और, वहाँ, उन दोनों ने ठीक वहां प्रतिनिधित्व किया था।

179 और थोड़ी देर के बाद तब उन्होंने देखा, और उन्होंने देखा, और पतरस ने कहा, "आओ तीन भवन को बनाते हैं। आओ कुछ नियम के नीचे जाये, और कुछ एलिय्याह, के नीचे जाये और आओ चले (उनमें से कुछ) *इस* तरफ।"

180 और जब वे बोल ही रहे थे, तब एक आवाज ने कहा, "यह मेरा प्रिय पुत्र है, इसकी सुनो।" और जब उन्होंने देखा, तो उन्होंने केवल यीशु को देखा, सब कुछ एक में बदल गया था। ओह, और वह उजियाला, सत्य, मार्ग, द्वार, मेघधनुष था।

181 ओह, कल के लिए हमारे पास एक विषय है, प्रभु की ईच्छा हुई तो। कल हम "न्याय" को लेंगे; हम "मानिक पत्थर" को लेगे हैं, यह देखेंगे कि यह किस का प्रतिनिधित्व करता है, इसने किस भाग की भूमिका को पूरा किया। और हम उस—उस—उस "यशब" को लेंगे और हम ले... सब अलग-अलग पत्थर को ले लेंगे, और हम इन्हें सब आगे यहेजकेल में से होते हुए ले लेंगे, पीछे उत्पति के अंदर, वापस वहां से प्रकाशितवाक्य की ओर, वहां से बाइबिल के मध्य में आते हुए, इसे एक साथ जोड़ते हुए, इन अलग-अलग पत्थर और रंग, और इत्यादि को लेंगे। और फिर हम इसे सीधे ठीक उस पर वापस लायेंगे और देखेंगे कि क्या यह सही नहीं है। समझे? देखेंगे क्या ये रंग और सब कुछ एक ही नहीं है, बस एक ही चीज। और वही पवित्र आत्मा, वही परमेश्वर, उन्ही चिन्ह, वही अद्भुत काम, उन्ही चीजो को करते हुए जैसे उसने प्रतिज्ञा की थी!

182 उसने पतरस, याकूब, और यूहन्ना को बताया, और वे वहां खड़े हुए थे, वे सभी चेले, कहा, "तुम में से कुछ मृत्यु को नहीं देखंगे जब तक वे मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते नहीं देख लेते।"

183 यूहन्ना को कहा, कहा... पतरस ने कहा, "तुम इसके साथ क्या करने जा रहे हो? उसने... वो—वो मनुष्य उसके साथ क्या होने जा रहा है? "

184 उसने कहा, "यदि वह मुझे आते देखता है तो तुम्हें क्या? " और उसने उसे इसे देखने के लिए जीने दिया! उन बाकी के सभी के मरने और चले जाने के बाद, यूहन्ना जीवित रहा कि प्रभु के आगमन को पूर्वाभ्यास में आते देखे, सारा दृश्य उसके समय से निर्धारित है जब तक न्याय पूरा नहीं हो जाता और सह–शताब्दी को आरंभ नहीं किया जाता है। यूहन्ना ने इसके बारे में हर एक अंश को देखा, और सह–शताब्दी पूरी होती है और राज्य के युग की शुरुआत होती है। सो वह अपने वचन को रखता है, क्या वो नहीं रखता?

185 हम इसे 2 रे पद पर अंकित करेंगे। प्रभु ने चाहा तो, हम सुबह को 3 रे पद से शुरू करेंगे।

आइये हम अपने सिरों को झुकाए।

186 आज की रात, कितने लोग इस कलीसिया में है, जो जानते है, जो मेरे भाई, (बहन), कि तुम्हे किसी दिन पुकारा जायेंगे, चाहे तुम तैयार हो या नहीं हो? चाहे तुम तैयार हो या नहीं, तुम्हे किसी दिन परमेश्वर से भेंट करने के लिए पुकारा जायेगा। वो तुरही आवाज को करने जा रही है; और जब ये आवाज़ करती है, यह आपको दोष लगाने के लिए आवाज़ करेगी, जहां पर आप फिर से कभी भी नहीं जी पायेगे और आपको एक शैतान के गड्ढे या नरक में सताया जाएगा हो सकता है लाखो वर्षो के लिए, या तो यह आपको ऊंचाई पर महिमामय संतों से मिलने के लिए बुलाती है।

187 बस यह उतना ही निश्चित है जितना परमेश्वर ने पतरस, याकूब, और यूहन्ना के लिए उसके वचन को बनाये रखा; बस उतना ही निश्चित जितना उसने प्रिय यूहन्ना के लिए, उस प्रकट करने वाले के लिए बनाये रखा; बस उतना ही निश्चित जितना उसने कलीसिया युगों में से होते हुए उसकी प्रतिज्ञा को बनाये रखा; यह उतना ही निश्चित है कि उसने इस अंतिम दिनों के लिए प्रतिज्ञा की है कि वह अंतिम बारिश में भेज देंगा और उसी आत्मा को वापस लायेगा जो धरती पर उसके अंदर थी, संध्या के समय उजियाला आ जाएगा और उसी सामर्थ को प्रदर्शित करेगा, उन्ही चिन्हों को, और हर एक चीज को जो उसने उसके दिन में की थी वो इसे फिर से प्रदर्शित करेगा इस "खुले द्वार" में अंतिम दिनों में।

188 यहाँ है ये! हमारे पास ठीक अभी हमारे साथ है, पवित्र आत्मा, यीशु मसीह, जो कल, आज और युगानुयुग एक सा है। आप... यह आपके लिए प्रचार कर रहा है, ये आपके लिए शिक्षा दे रहा है, यह आपको यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि क्या सही है और क्या गलत। ये स्वयं पवित्र आत्मा है जो मनुष्य के होंठो के जरिये से बात कर रहा है, मनुष्य जाति के बीच कार्य करते हुए, दया और अनुग्रह दिखाने की कोशिश कर रहा है।

189 और आप जिसने अभी तक उस तरह से उसे नहीं पाया है, और इस नए वर्ष की पूर्व संध्या की रात पर क्या आप परमेश्वर की ओर अपने हाथो को उठाना चाहेंगे और कहेंगे, "परमेश्वर, मैं उस सामर्थ को पाऊं जो यूहन्ना प्रकट करने वाले पर थी, कि जब मैं पुकारा जाऊं तो मैं आपके सामने उस शांति से उपस्थित हो जाऊं जैसे यूहन्ना ने किया था"? अपने हाथ को उठाये। परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। बस सारी कलीसिया के ऊपर। परमेश्वर आपको आशीष दे। "मैं तैयार रहूं मेरी पुकार का उत्तर देने के लिए।"

190 हमारे स्वर्गीय पिता, जैसे इस नए वर्ष की पूर्व संध्या... बस अब से लगभग दो घंटे में और यह समाप्त हो जायेगा, वहाँ एक नया वर्ष होगा। हमने इस वर्ष जो किया है वह किया है। बहुत सारी चीजें जिसे मैंने किया है, कि, मैं अपने आप से शर्मिंदा हूँ; मुझे उन पर पश्चाताप है, प्रभु।

191 और वहाँ बहुत सी बातें ऐसी है जिसे मैंने की है जिसे मेरे बहुत से भाई नहीं समझते हैं। बहुत से मेरे भाई लोग जो बाहर कार्य क्षेत्रो में है उन्हें समझ नहीं आता कि मैंने उन्हें क्यों किया। लेकिन, पिता, मैंने उन्हें किया है क्योंकि मुझे उन्हें करने के लिए अगुवाही हुई थी। मैं प्रार्थना करता हूँ, पिता, कि आप ऐसी अगुवाही के लिए कभी भी मुझे लज्जित नहीं होने देंगे। लेकिन मेरी आगे की ओर अगुवाही करे, प्रभु, ताकि निरंतर करता रहूँ जैसे मुझे करने के लिए अगुवाही होती है। मेरी सहायता करे, परमेश्वर, क्योंकि मैं ईमानदारी से आपकी ईच्छा को जानने का प्रयास करता हूँ, जिससे कि मैं इसे लाने के लिए कर सकूँ (जैसा आपने मुझे बहुत वर्षो पहले दिखाया जब मैंने इस कलीसिया को छोडा था) संसार के लोगो के लिए जीवन की रोटी। जब मैंने उस बड़े रोटी के पर्वत को देखा, और इस जीवन की रोटी को खाने के लिए सारी धरती पर सफेद वस्त्र पहने हुए संतो को आते हुए

देखा। हे परमेश्वर, मुझे—हे परमेश्वर मुझे कभी भी, कभी भी विफल ना होने देना कि लोगों को जीवन की रोटी खिलाने पाऊं।

192 इन भूखे प्राणों को यहाँ आशीष दीजिये जिन्होंने अभी–अभी अपने हाथो को ऊपर उठाया। वे जीवन के लिए और अधिक प्रयास कर रहे हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उन्हें पवित्र आत्मा से भर दीजिये, प्रभु, उनमें से हर एक जन को। परमेश्वर, इसे प्रदान करे। उन्हें आशीष दीजिये। हर जगह पर हमारे भाइयों की सहायता कीजिये।

193 हमारे सेवकाई करने वाले भाइयों को आशीष दीजिये जो फिर से ऊपर आने पर है, अब कुछ ही क्षणों में, दूसरे सेवक भी बोलेंगे। हम प्रार्थना करते हैं कि वे आज रात हमें जीवन की रोटी दें, पिता, जैसा कि हम ध्यान लगाकर सुनते है और आदरपूर्वक उस आवाज़ को सुनेंगे। इसे प्रदान कीजिये।

194 हमें आशीष दीजिये। और यह नया वर्ष नई आशाओ के साथ आरंभ हों, नए विचारों को लाते हुए, नए प्रकाशन, नई सामर्थ, ओह, हर एक चीज। प्रभु, आपकी आशीषो और प्रतिज्ञाओं के लिए, होने पाए इसे हमारे लिए फिर से नया किया जाए। हम अपने आप को, हमारी प्रार्थना के साथ, आपके हाथों में सौंपते हैं। यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

धन्यवाद, मेरे भाइयों और बहनों।

195 [भाई नेविल बात करते है: "मैं यकीन करता हूँ कि हम सभी आनंद कर सकते हैं हम बिल्कुल भी जल्दी में नहीं थे और हम आनंदित होंगे बस निरंतर सुनते रहने से; क्योंकि आज रात भाई ब्रंहम हमारे लिए यहाँ इस संदेश को लेकर आ रहे हैं। और यह वो संदेश है जो हमें प्रोत्साहित करता है क्योंकि हम जानते हैं कि परमेश्वर इसमें है। आमीन।"—सम्पा।] प्रभु की स्तुति हो! ["और जो उन्होंने कहा है, वह उसे यहाँ तक फिर से उसके आगमन तक अच्छा प्रदर्शन करने में योग्य है।"] जी हाँ। ["और वह ऐसा करेगा, केवल इतना ही नहीं, मैंने बार–बार कहा है कि... हम लोगों को बहुत सी बार कहते हैं, 'क्या आप विश्वास करते हैं कि यीशु मसीह आपको चंगा कर सकता है? ' निश्चित रूप से, आप आमतौर पर उनसे इसके लिए सहमति प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन बात ऐसी है, क्या आपको विश्वास है कि वह आपको अभी चंगा करेगा? "] आमीन! ["तब कभी–कभी लोग कहते हैं, 'ठीक है, मैं नहीं जानता।' वह महिला जो अभी–अभी अस्पताल में गुज़र गयी थी; मैं उसे देखने के लिए गया, कहा, 'बहन, ऐसा आप अभी

भी विश्वास करती है कि यीशु बचाता है? ' उसने कहा, 'हां, मैं करती हूं।' मैंने कहा, 'क्या आप विश्वास करती हैं कि यीशु मसीह चंगा करता है? ' वह बोली, 'जी हां, मैं करती हूं।' मैं ने कहा, 'क्या आप विश्वास करती हैं कि वह ठीक अभी आपको चंगा करता है? ' उसने कहा, 'यह मैं नहीं जानती।' और मैंने कहा, 'बहन, आप इसे जान सकती हैं क्योंकि प्रतिज्ञा आपके लिए है।' "] आमीन! ["आमीन। उसने प्रतिज्ञा की है। अब, जब हम हमारे भाइयों में से एक और को यहाँ सुनने जा रहे हैं। हमारे पास यहाँ बहुत से हैं और यह... नए वर्ष की पूर्व संध्या पर, हमारे पास पूर्व नियोजित कार्यक्रम नहीं है। हम बस एक साथ आते हैं और परमेश्वर हमें चलाता है जैसे वह निर्देशन और अगुवाही करता है।"] आमीन! ["और आप जानते हैं, हमें भाई पैट टायलर को सुने बहुत समय हो गया है और उनकी गवाही को दे या जो कुछ भी परमेश्वर उनके ह्रदय पर डालता है। और हम भाई पैट से कहने जा रहे हैं कि जो कुछ भी परमेश्वर उनके ह्रदय पर डालता है उसे लाये। लेकिन इससे पहले कि वह ऊपर आये, एक अच्छा मसीह भाई वहाँ पीछे है, भाई रैंडल हाइमन, और वो यहाँ पर है और उनके पास प्रभु के लिए गाने की प्रतिभा है और आप जानते होंगे। मैं बस चाहता हूँ कि वे उस प्रतिभा को परमेश्वर की महिमा के लिए उपयोग करने में सक्षम हो, इसलिए मैं भाई रान्डेल से पूछने जा रहा हूं कि क्या वे ऊपर आकर और हमारे लिए गायेंगे। उन्होंने हमारे लिए यहाँ एक या दो बार गाया है और उनसे कहूंगा कि आज रात प्रभु यीशु के लिए उनकी प्रतिभा को फिर से उपयोग करे, यदि वे चाहे तो। क्या वो अब हमारे लिए गाने के लिए आएंगे। उनके पास कुछ बालक हैं जिनकी देखभाल करने में वे सहायता कर रहे है, लेकिन हो सकता है वे अब अलग होकर ऊपर आ सके और हमारे लिये गाना गा सके। जब वो ऐसा करते है, यहाँ पीछे भाई किंडर भी है; प्रिय पेंटीकोस्टल भाई, हम उनके लिए खुश हैं। और वहां पीछे कहीं तो भाई जे. टी. पार्नेल है। मुझे लगता है कि वे ठीक यहाँ पीछे पंक्ति के बाहर बैठे हुए है। और हम बहुत ही खुश है इन सारे अच्छे मसीही भाइयो को पाकर... "] बीलर वहां है। ["... विश्वास के भाई लोग और आइये देखे।"] भाई बीलर वहां पीछे है। ["भाई बीलर भी यहां पीछे है। जी हाँ। भाई बीलर यहाँ पर है और... "]

*प्रकाशितवाक्य, अध्याय चार भाग 1* HIN60-1231

(Revelation, Chapter Four Part I)

**यीशु मसीह के प्रकाशन की श्रृंखला**

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में शनिवार शाम, 31 दिसंबर, 1960 को, ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org